उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी..

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in
(वर्ष-10 अंक-27
पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 11 अगस्त 2025



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

नशेबाजी में मां से झगड़कर युवक ने रेल पटरी पर सिर रखकर दी जान 6

राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने आयोजित किया दिव्यांगजन 2016 अधिनियम जागरुकता गोष्ठी 8




# 5 लाख का वादा, 5 हजार की थमाई मदद, फूटा पीड़ित परिवारों का गुस्सा



देहरादून। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में आई अचानक बाढ के बाद, धराली गांव के लोगों ने सरकार से मिली 5,000 रुपये की तत्काल सहायता राशि को लेने से मना कर दिया है। उनका कहना है कि इस भयंकर आपदा में हुए भारी नुकसान को देखते हुए यह राशि नाकाफी है।

धराली और हर्षिल के बाढ प्रभावित परिवारों को यह सहायता तत्काल राहत के तौर पर दी गई थी, लेकिन ग्रामीणों ने इसका विरोध करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार पर उनके नुकसान को कम आंकने का आरोप लगाया है।

इस मामले में, उत्तरकाशी के जिला मजिस्ट्रेट प्रशांत आर्य ने बताया कि 5,000 रुपये की यह राशि सिर्फ एक शुरुआती मदद है। उन्होंने आश्वस्त किया कि नुकसान का पूरा आकलन होने और एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार होने के बाद, प्रभावितों को सही मुआवजा दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन परिवारों के लिए 5 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की है जिनके घर पूरी तरह से तबाह हो गए हैं।

इसके अलावा, आपदा में मारे गए लोगों के परिवारों को भी इतनी ही राशि दी जाएगी। सरकार ने राजस्व सचिव की अध्यक्षता में एक तीन-सदस्यीय समिति बनाई है, जो पुनर्वास और आजीविका की बहाली के लिए एक योजना तैयार करेगी। इसकी शुरुआती रिपोर्ट एक हफ्ते के भीतर सौंप दी जाएगी।

इस बीच, बचाव कार्य पांचवें दिन भी जारी रहा। हेलीकॉप्टरों से फंसे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और दूरदराज के इलाकों में खाने के पैकेट पहुंचाए गए। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीमों ने डॉग स्क्वॉड और थर्मल इमेजिंग उपकरणों की मदद से धराली बाजार में मलबा हटाने का काम किया, जहां मंगलवार को भूस्खलन के कारण कई होटल, होमस्टे और दुकानें पूरी तरह से बर्बाद हो गई थीं।

# भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, जल्द तीसरे नंबर पर पहुंचेंगे: पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15,610 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली बेंगलुरु मेट्रो फेज-3 परियोजना की आधारशिला रखी। इस परियोजना की कुल लंबाई 44 किलोमीटर से अधिक होगी और इसमें 31 एलिवेटेड स्टेशन होंगे। कर्नाटक की धरती पर कदम रखते ही अपनापन सा महसूस होता है। यहां की संस्कृति, यहां के लोगों का प्यार और कन्नड़ भाषा की मिठास दिल को छू जाती है। बेंगलुरु को हम एक ऐसे शहर के रूप में उभरता देख रहे हैं जो न्यू इंडिया के राइज का सिंबल बन चुका है। एक ऐसा शहर... जिसकी आत्मा में तत्व ज्ञान है और जिसके एक्शन में टेक ज्ञान है। एक ऐसा शहर... जिसने ग्लोबल आईटी मैप पर भारत का परचम लहराया है। हम बेंगलुरु को नए भारत के उदय का एक सच्चा प्रतीक बनते हुए देख रहे हैं। एक ऐसा शहर जिसने भारत को वैश्विक आईटी मानचित्र पर गर्व से स्थापित किया है। बेंगलुरु की उल्लेखनीय सफलता की कहानी के पीछे प्रेरक शक्ति इसके लोगों की असाधारण प्रतिभा और सरलता है। बीते समय में बेंगलुरु के लिए भारत सरकार की ओर हजारों करोड़ रुपए की योजनाएं शुरू की गई हैं। आज इस अभियान को नई गति मिल रही है। आज बेंगलुरु मेट्रो येलो लाइन का शुभारंभ हुआ है। मेट्रो फेज-3 आधारशिला भी रखी गई है। साथ ही देश के अलग अलग हिस्सों के लिए तीन नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई गई है। बेंगलुरु से बेलगावी के बीच वंदे भारत की सेवा शुरू हुई है। इससे बेलगावी के व्यापार और टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा नागपुर से पुणे और श्री माता वैष्णो देवी कटरा से अमृतसर के बीच भी वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज मैं ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार बेंगलुरु आया हूं। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओं की सफलता... सीमापार कई किलोमीटर भीतर आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने की ताकत... और आतंकवादियों के बचाव में उतरे पाकिस्तान को कुछ ही घंटों में घुटनों पर लाने की हमारी क्षमता.।









## संपादकीय

# मोदी संकल्प की परीक्षा

देश को धीरे-धीरे समझ आने लगा है कि भारतीय कृषि व डेरी क्षेत्र में अमेरिकी उत्पाद खपाने के लिये ही डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ आंतक फैला रहे हैं। यही वजह है कि पहले संयम दिखाने के बाद भारत ने निरंकुश ट्रंप सरकार को चेता दिया है कि भारतीय किसानों व दुग्ध उत्पादकों के हितों की बलि नहीं दी जा सकती। हमारे लिये यह देश की एक बड़ी कृषि व डेरी उद्योग से जुड़ी आबादी के जीवन-यापन का भी प्रश्न है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप द्वारा अतार्किक टैरिफ बढ़ाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। साथ ही उन्होंने देश के किसानों को आश्वस्त किया है कि उनके हितों से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। भारत में हरित क्रांति के सूत्रधार,प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन की जन्म शताब्दी के मौके पर उनका यह बयान और महत्वपूर्ण व प्रासंगिक हो जाता है। कृतज्ञ राष्ट्र स्वीकार करता है कि स्वामीनाथन के हरित क्रांति में योगदान से भारत खाद्यान्न की कमी से उबरकर आज खाद्यान्न अधिशेष वाला राष्ट्र बन गया है। बहरहाल, यह तय हो गया है कि भारत वाशिंगटन के उन मंसूबों पर पानी फेरने के लिये खड़ा हो गया है, जिनके तहत अमेरिका मक्का, सोयाबीन, सेब, बादाम और इथेनॉल जैसे उत्पादों से कम टैरिफ के साथ भारत के बाजार को पाटना चाहता है। निस्संदेह, भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले तीन प्रमुख क्षेत्रों कृषि, डेरी फार्मिंग और मत्स्य पालन से जुड़े करोड़ों लोगों की अजीविका की रक्षा करने के लिये प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता सराहनीय है। हालांकि, इस दृढ़ संकल्प की परीक्षा ट्रंप शासन द्वारा ली जाएगी। जो भारत द्वारा रूस से सस्ती दरों पर कच्चा तेल खरीदने के मुद्दे को लेकर लगातार दबाव बना रहा है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि भारतीय राजनीति में किसान उत्पादक व उपभोक्ता से इतर बड़ा राजनीतिक घटक भी है। ऐसे में जाहिर है कि प्रधानमंत्री मोदी कृषक समुदाय को किसी भी कीमत पर नाराज नहीं करना चाहेंगे।इसमें दो राय नहीं कि विगत में भी किसान असंतोष को राजनीतिक हथियार बनाने में विपक्ष ने कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी थी। खासकर केंद्र सरकार ने तीन केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ वर्ष 2020-21 में दिल्ली की सीमाओं पर साल भर चले किसान आंदोलन से कड़वा सबक सीखा है। किसान लंबे समय तक अपनी मांगों को लेकर डटे रहे थे। जिसके बाद अंतत- इन विवादास्पद कानूनों को निरस्त कर दिया गया था। इस बीच आंदोलन में किसानों ने अपने अनेक साथियों को खोया था। दरअसल, आंदोलनकारी किसानों की एक मुख्य मांग- विभिन्न कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देने की थी। कृषि संगठनों के साथ लंबी चली कई दौर की बातचीत के बावजूद एमएसपी मुद्दे पर गतिरोध कायम है। आज अमेरिकी दबाव का सामना करने के लिये विभिन्न हितधारकों को एकजुट होने की आवश्यकता है। बहरहाल, अमेरिका के खतरनाक मंसूबे अब उजागर होने लगे हैं। वह भारत के बाजार को अपने डेरी उत्पादों के लिये डंपिंग ग्राउंड बनाने पर आमादा है।

# शहरीकरण व जलवायु परिवर्तन की चुनौती से जूझें

**तथा सतत शहरी जल निकासी प्रणाली में निवेश को प्राथमिकता देनी चाहिए। चेन्नई ने जोखिम आकलन के आधार पर शहर-विशिष्ट जलवायु कार्ययोजना विकसित करने की शुरुआत की है। कोलकाता बाढ़ पूर्वानुमान और चेतावनी प्रणाली पर काम कर रहा है।शहरों के लिए जलवायु कार्ययोजनाएं बिना संबंधित शासन सुधारों के सफल नहीं हो सकतीं। वर्तमान में बाढ़ सुरक्षा, शहरी नियोजन, नालियों आदि से संबंधित कई एजेंसियां हैं, जो अक्सर विरोधाभासी कार्य करती हैं। इसके अतिरिक्त, सरकारी एजेंसियों को जलवायु कार्ययोजनाओं को बनाने और लागू करने के लिए वैज्ञानिकों, नागरिक समाज और व्यवसायों के साथ काम करना होगा। शहरी बाढ़ या पहाड़ों में निरंतर आपदाओं का कोई आसान समाधान नहीं है।**



देश में चल रहे मानसून मौसम में पूरे देश में सामान्य से अधिक वर्षा हुई है, जैसा कि भारत के मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वानुमान दिया था। कई राज्यों में भारी बारिश हुई है, जिसमें पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश के कारण आपदाएं जैसे भूस्खलन और अचानक बाढ़ की घटनाएं सामने आई हैं।

हिमालयी क्षेत्र—हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर में लगातार, व्यापक और तीव्र बारिश हुई है। इस मौसम की सबसे भयंकर आपदाओं में से एक उत्तरकाशी जिले के धराली में आई, जहां कथित रूप से बादल फटने से आई अचानक बाढ़ ने जान-माल का नुकसान किया। यह क्षेत्र की पारिस्थितिक दृष्टि से संवेदनशील स्थिति में अनियंत्रित विकास के खतरे की गंभीर याद दिलाता है।

मैदानों में भी मानसून का कहर जारी है, जहां बड़े शहरों में सड़कों पर जलभराव, जान-माल के नुकसान और पुरानी संरचनाओं का ढह जाना देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर जलजमाव के कारण भारी ट्रैफिक जाम, सड़कों और राजमार्गों पर कार और ट्रकों का सिंक होल में गिरना, स्कूलों और कार्यालयों में फंसे लोग तथा बिजली की चपेट में आने जैसी दुखद घटनाओं की तस्वीरें वायरल हो रही हैं।

कुछ नए बने हवाई अड्डों की इमारतें लगातार बारिश को सहन नहीं कर पाईं। प्रभावित शहर जैसे बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और मुंबई आर्थिक गतिविधियों के महत्वपूर्ण केंद्र और आउटसोर्सिंग हब हैं।बारिश से होने वाले प्रभावों को केवल 'प्रकृति का क्रोध' मान लेना गलत होगा। जो कुछ भारतीय शहर मानसून में जलभराव बढ़ने की जिस चुनौती को झेल रहे हैं, वह अतार्किक शहरी नियोजन, बुनियादी ढांचे की अनदेखी, नगर निगम के नियमों के उल्लंघन, हरियाली और खुले क्षेत्रों के कटाव, बड़े पैमाने पर कंक्रीट का उपयोग आदि का संयुक्त परिणाम है। इसके ऊपर जलवायु परिवर्तन भी है, जो स्वयं मानव निर्मित समस्या है। दशकों से वैज्ञानिक अत्यधिक वर्षा की घटनाओं में वृद्धि की चेतावनी दे रहे हैं, जो जलवायु परिवर्तन का परिणाम है।एक चरम मौसम घटना तब होती है जब किसी स्थान पर सामान्य मात्रा से कहीं अधिक वर्षा या हिमपात होता है, जैसा कि हमारे कई शहरों में हो रहा है। किसी शहर या क्षेत्र की औसत वर्षा सामान्य सीमा में रह सकती है, लेकिन कुछ दिनों या स्थानों पर बहुत कम समय में भारी वर्षा होती है, जिससे जलजमाव और स्थानीय बाढ़ होती है।यह स्थिति केवल बिगड़ती ही जाएगी क्योंकि भारत में तीव्र गति से शहरीकरण हो रहा है। वर्तमान अनुमान के अनुसार, 2050 तक लगभग एक अरब भारतीय शहरों में रह रहे होंगे। लेकिन अगर भारतीय शहर अपनी वर्तमान विकास दिशा पर चलते रहे, तो वे अपनी पूरी क्षमता तक नहीं पहुंच पाएंगे, जैसा कि विश्व बैंक की हाल की रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है। विश्व बैंक के अनुसार, भारत के शहर अत्यधिक जनसंख्या घनत्व और बड़ी संपत्ति के केंद्र होने के कारण जलवायु प्रभावों के प्रति बेहद संवेदनशील हैं। शहरों में ग्रामीण इलाकों की तुलना में जलवायु प्रभाव और आपदाएं अधिक होती हैं क्योंकि वे अत्यधिक आपस में जुड़ी हुई प्रणालियों पर निर्भर हैं। जब मुख्य बुनियादी ढांचा जैसे राजमार्ग या बिजली ग्रिड टूटते हैं, तो यह एक श्रृंखला प्रतिक्रिया को जन्म देता है जिससे बुनियादी ढांचे की विफलता होती है और शहर ठप हो जाता है। बाढ़ सड़कें बंद कर व यातायात बाधित कर सकती है, बिजली लाइनों को प्रभावित और आर्थिक नुकसान कर सकती है, जैसा कि वर्तमान में देखा जा रहा है।

हर साल मानसून के कारण हो रही इस अराजकता को देखते हुए स्पष्ट है कि हमारे शहर आगे के शहरीकरण और जलवायु परिवर्तन की दोहरी चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार नहीं हैं। शहरों के पास इन प्रभावों को प्रबंधित करने की सीमित क्षमता है। उनका नियोजन और प्रबंधन प्रणाली तेजी से हो रहे शहरीकरण, जलवायु प्रभावों और विकास तथा सेवाओं की मांग के साथ तालमेल नहीं बिठा पा रही है।मौजूदा प्रणाली पुरानी हो चुकी है—कई मामलों में, ये ब्रिटिश राज काल से विरासत में मिली हैं। उदाहरण के लिए, हैदराबाद की नालियां और वर्षाजल निकासी प्रणाली सदी पहले सर एम विश्वेश्वरैया द्वारा लगभग पांच लाख की आबादी के लिए डिज़ाइन की गई थी। उस समय यह प्रणाली आधुनिक मानी जाती थी और भविष्य के विकास तथा सौंदर्यशास्त्र व शहरी नियोजन जैसी चिंताओं को ध्यान में रखती थी। हैदराबाद को झीलों और बागों का शहर माना जाता था, जहां प्राकृतिक जल निकासी प्रणाली अच्छी तरह से जुड़ी हुई थी। यह सब तेजी से बढ़ते भौतिक संरचना और जनसंख्या की उच्च घनत्व के कारण नष्ट हो गया। परिणामस्वरूप बाढ़ आती है।

यह कहानी लगभग हर बड़े भारतीय शहर की है। कई शहर तटीय क्षेत्रों या बड़े और छोटे नदियों के बाढ़ से बने मैदानों के किनारे स्थित हैं। शहरीकरण से सतह जल अवशोषण कम हो जाता है, जिससे पहले कम जोखिम वाले क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है। शहर लगातार बाढ़ मैदानों पर कब्जा कर रहे हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 1985 से 2015 के बीच, बाढ़-रहित क्षेत्रों में बसाव क्षेत्र 82 प्रतिशत और उच्च बाढ़ जोखिम वाले क्षेत्रों में 102 प्रतिशत बढ़ा है। जलवायु परिवर्तन और शहरीकरण के संयुक्त प्रभाव से वर्षाजल संबंधी या सतही जल बाढ़ का खतरा कई गुना बढ़ने की संभावना है।

निःसंदेह, इस समस्या का समाधान शहरों को जलवायु-लचीला बनाकर तैयार करना है। इसके लिए हमें शहर-विशिष्ट जलवायु कार्ययोजनाएं बनानी होंगी। वर्तमान में ये प्रयास न के बराबर हैं। सभी राज्यों के पास सामान्य कार्ययोजनाएं हैं, जिनका अधिकांशत: क्रियान्वयन कमजोर है या वे केवल कागजों तक सीमित हैं। शहरी क्षेत्रों की चुनौतियां विविध हैं, जिनके लिए समग्र दृष्टिकोण आवश्यक है। स्थानीय जोखिम इतिहास के आधार पर शहरी बाढ़ से निपटने के लिए विशिष्ट रणनीतियां बनानी होंगी। पहाड़ी क्षेत्रों के लिए भी इसी तरह की कार्ययोजनाएं आवश्यक हैं।शहरों को जलग्रहण क्षेत्र आधारित बाढ़ सुरक्षा योजनाएं बनानी चाहिए ताकि बाढ़, मैदानों के विकास और वर्षाजल प्रबंधन को नियंत्रित किया जा सके। शहरी प्राधिकरणों को नालियों, बाढ़ से बचाव हेतु बांधों और बाढ़ जल को अवशोषित करने वाले खुले स्थानों के संरक्षण या निर्माण।

# धान अवशेष प्रबंधन के टिकाऊ समाधानों की जरूरत

अक्तूबर-नवंबर में उत्तर पश्चिम भारत, खासकर दिल्ली में प्रदूषण चिंताजनक स्तर तक बढ़ जाता है। इसके प्रमुख कारकों में से एक पराली जलाना भी है। जिस पर अंकुश लगाने के लिए पराली के बंडल बनाने जैसी खर्चीली योजनाएं लागू की जाती हैं। जबकि खास एसएसएम सिस्टम से लैस कम्बाइन से धान कटाई व पराली मिट्टी में दबाना ज्यादा तार्किक व किफायती विकल्प है।

अक्तूबर-नवंबर में उत्तर पश्चिम भारत, खास तौर पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में, वायु प्रदूषण गंभीर समस्या बन जाती है। इसके जिम्मेदार कई कारक हैं जैसे मानसून के कारण वायु की गति मंद होना, पहाड़ों से ठंडी हवाओं का मैदानी क्षेत्र की तरफ चलना व पहले से ही मौजूद वायु प्रदूषण का पृथ्वी की सतह पर फैलना। वहीं इसमें धान कटाई के बाद खेतों में पराली जलाना भी एक कारक है। जो सितंबर अंत से नवंबर अंत तक गेहूं, सरसों आदि की बुआई हेतु धान की फसल के अवशेषों को खेत से साफ करने की आसान और बिना लागत वाली विधि है।पराली जलाने से वायुमंडल में बड़ी मात्रा में विषैले प्रदूषक उत्सर्जित होते हैं, जिनमें मीथेन, कार्बन मोनोऑक्साइड, वाष्पशील कार्बनिक यौगिक और कार्सिनोजेनिक पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन जैसी हानिकारक गैसें शामिल हैं। ये प्रदूषक वातावरण में फैल कर भौतिक और रासायनिक परिवर्तन होने के बाद धुंध की परत का रूप धारण कर लेते हैं। कई-कई दिनों तक धूप को पृथ्वी तक पहुंचने में बाधा बनते हैं। इसके दुष्प्रभाव से सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन जैसी कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। हालांकि एनसीआर के वायु प्रदूषण में पराली जलाने का योगदान 5 से 30 प्रतिशत तक ही रहता है।पराली जलाने पर अंकुश लगाने के लिए सरकार लाखों-करोड़ों रुपए खर्च करती है। यह व्यय पराली के बंडल बनाकर उद्योगों तक पहुंचाने जैसी अव्यावहारिक योजनाएं लागू करने



पर भी होता है। इसके अलावा पराली जलाने पर प्रतिबंध, किसानों पर जुर्माना और केस दर्ज करने जैसे सख्त उपाय अपनाए जाते हैं। लेकिन वायु की गुणवत्ता में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ। विडंबना है, प्रचारतंत्र द्वारा पराली जलाने से वायु प्रदूषण पर केवल किसानों को ही जिम्मेवार ठहराया जाता है।इन सबके बावजूद, पराली जलाने की घटनाओं में कमी नहीं आई है। कारण स्पष्ट है कि किसानों के पास पराली प्रबंधन के लिए व्यावहारिक और सस्ते विकल्प उपलब्ध नहीं हैं, क्योंकि धान की कटाई और अगली फसल की बुआई के बीच 15-20 दिनों की अल्प अवधि होने के कारण उनके पास पराली हटाने के लिए पर्याप्त समय नहीं होता है।राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के साथ लगते राज्यों में 60 लाख हेक्टेयर भूमि पर धान-गेहूं फसल चक्र अपनाया जाता है, जिसमें अक्तूबर-नवंबर में धान कटाई के बाद गेहूं, आलू और सरसों आदि की बुआई की जाती है। इन क्षेत्रों में सालाना लगभग 40 करोड़ क्विंटल पराली पैदा होती है। जिसे उद्योगों में इस्तेमाल करने के लिए 15-20 दिन की अल्पावधि में लाखों ट्रैक्टर-चालित बेलर मशीनों की मदद से खेतों से करीब 100 करोड़ बंडल बनाए जाते हैं। इन्हें एक करोड़ वाहनों द्वारा सैकड़ों किलोमीटर दूर स्थित उद्योगों तक ढोने में लाखों करोड़ों लीटर डीजल खर्च होता है, जो सरकारी धन की बर्बादी और प्रदूषण बढ़ाने वाला अव्यावहारिक प्रयास कहा जा सकता है।प्रेस सूचना ब्यूरो द्वारा 26 सितंबर, 2023 को जारी जानकारी के अनुसार, पंजाब में उत्पन्न होने वाली 20 मिलियन टन पराली के लिए 1,17,672 फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) मशीनें हैं। इसी तरह हरियाणा में भी लगभग 80 हजार सीआरएम मशीनों के लिए किसानों को सब्सिडी देने का दावा किया जा रहा है। जबकि हरियाणा में अगस्त, 2018 के प्रशासनिक आदेश 'कम्बाइन हार्वेस्टर पर सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस) की कानूनी अनिवार्यता' लागू करके किफायती व आसान तरीके से पराली जलाने का हल कर सकती है। पराली जलाने का सबसे बेहतर पर्यावरण और किसान हितैषी समाधान यह है कि इसे खेत में भूमि में दबाकर जैविक खाद में बदला जाए। इसके लिए धान कटाई के बाद प्रति एकड़ 30 किलो यूरिया का छिड़काव करके मोल्ड बोर्ड हल या हैरो से पराली को मिट्टी में दबाकर अगली फसल की बुआई आसानी से की जा सकती है। यह विधि कम समय में पराली प्रबंधन के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखती है और खर्च भी नहीं बढ़ाती है।

लेकिन पराली को खेत में दबाने को सफलतापूर्वक अपनाए जाने के लिए जरूरी है कि धान की कटाई सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम से लैस कम्बाइन हार्वेस्टर से की जाए। यह मशीन पराली को छोटे बारीक

**अक्तूबर-नवंबर में उत्तर पश्चिम भारत, खास तौर पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में, वायु प्रदूषण गंभीर समस्या बन जाती है। इसके जिम्मेदार कई कारक हैं जैसे मानसून के कारण वायु की गति मंद होना, पहाड़ों से ठंडी हवाओं का मैदानी क्षेत्र की तरफ चलना व पहले से ही मौजूद वायु प्रदूषण का पृथ्वी की सतह पर फैलना। वहीं इसमें धान कटाई के बाद खेतों में पराली जलाना भी एक कारक है। जो सितंबर अंत से नवंबर अंत तक गेहूं, सरसों आदि की बुआई हेतु धान की फसल के अवशेषों को खेत से साफ करने की आसान और बिना लागत वाली विधि है।**

टुकड़ों में काटकर खेत में फैला देती है, जिससे गहरी जुताई द्वारा पराली को आसानी से भूमि में मिलाया जा सकता है।पराली जलाने पर किसानों पर जुर्माना और जेल भेजने जैसी सख्त कार्रवाई की गयी लेकिन उपरोक्त पर्यावरण हितैषी आदेश को लापरवाही के चलते प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया। यानी पराली जलाने के लिए किसानों के साथ-साथ तंत्र भी जिम्मेदार है। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) अमृतसर द्वारा वर्ष 2025 में किए गए एक अध्ययन में भी पंजाब में पराली जलाने के लिए सरकारी तंत्र की विफलताओं को ही जिम्मेदार ठहराया गया है।

इसलिए पराली जलाने को रोकने के लिए यह आवश्यक है कि बिना सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम से सुसज्जित किसी भी कम्बाइन हार्वेस्टर को धान की कटाई की कानूनी अनुमति न दी जाए, और इन आदेशों को प्रभावपूर्ण ढंग से लागू करने के लिए संबंधित प्रशासनिक तंत्र को जवाबदेह भी बनाया जाए। इससे पराली जलाने की समस्या खत्म होगी, प्रदूषण नियंत्रित होगा और पराली जलाने की समस्या का टिकाऊ समाधान मिल सकेगा।

# विपक्षी नेताओं की छटपटाहट और आंकड़ों की बाजीगरी

जो मतदाता सूची चुनाव आयोग ने दी है वह स्वीकार योग्य है। सूत्रों की माने तो बिहार में 1980 से 2025 के बीच में 2 करोड़ 86 हजार लोगों नें ही मैट्रिक के सर्टिफिकेट दिए हैं ! आंकड़े कहते है कि बिहार में 9 लाख सरकारी कर्मचारी है यह बात मानी जा सकती है इसमें 5 लाख वर्तमान में और चार लाख पेंशनर सरकारी कर्मचारी है। कुछ यूट्यूबर सर्वे हुए हैं उनमें कहा गया कि अनुसूचित जाति से लगभग 80त्न लोगों को आदिवासियों में 65त्न लोगों को ओबीसी में 90 त्न लोगों को और सवर्ण जाति में 60 त्न लोगों ने जाति प्रमाण पत्र बनवाए हैं ! तो फिर ये कागज दिखाइए ! क्या दिक्कत है.. ? चुनाव आयोग जिन जाति प्रमाण पत्रों के जिक्र कर रहा है जो सरकार द्वारा जारी कर दिए गए वो लगभग 9 करोड़ है। बाकीयों को फैमिली प्रमाण पत्र बांटे गए है जिनकी संख्या लगभग ढाई करोड़ है। चुनाव आयोग ने सिर्फआंकड़ों पर ही बोला है। क्रियान्वयन के संदर्भ में भी जो तथ्य उसने दिए हैं वह सब जमीन पर नजर आ रहे। चुनाव आयोग नें कुछ नामी फर्जी यूट्यूबर पत्रकारों के भी चेहरे से नकाब उतार दिया है। ऐसे फर्जी यूट्यूबर माईक लेकर बस लोगो को बरगला रहें।

उधर बिहार में चुनाव आयोग फ्रंट फूट पर बैटिंग कर रहा। चुनाव आयोग ने अपने जवाब में सुप्रीम कोर्ट में जो हलफनामा दिया है उसमें लिखा है कि उसने हर मतदाता को दो अनुमूलेशन फॉर्म



**पंकज सीबी मिश्रा /राजनीतिक विशलेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी**

दिए हैं। चुनाव आयोग बड़ी बेबाकी से यह बात कही है कि कितने फॉर्म बिना दस्तावेज के उसने प्राप्त किए हैं जबकि फर्जी नेताओं का कहना है कि इसकी एक बहुत बड़ी संख्या है जो वहां के बीएलओ ने बिना मतदाता के हस्ताक्षर कराए , फर्जी हस्ताक्षर कर कर,बिना किसी दस्तावेज़ के पुरानी वोटिंग लिस्ट से उसके मतदाता एपिक नंबर नोट कर कर अपलोड किए हैं। सिर्फ यह सिद्ध करने के लिए की चुनाव आयोग ने रिवीजन का काम शिद्दत से पूरा नहीं किया है इसके विरोध में लोगो को सड़क पर उतारने वालों की कलई खुल रही लेकिन सच्चाई यह है मेहनत से मतदाता सूची पूनरीक्षण कार्य पूरा किया गया है इसे न सिर्फ पूरा बिहार जानता है बल्कि सारा देश भी जानने लगा है।कुछ नरेटीवस की भी बात की जाए तो बिहार में डुप्लीकेट आधार कार्ड का जिक्र जरूरी है। सीमांत जिलों में 70त्न आधार कार्ड फर्जी जारी हो गए हैं और इस तरह रोहिंग्या नेपालियों और बांग्लादेशों के लिए भी बिहार में वोटिंग के अवसर तलाशें जा रहे जिसका जवाब अब जब चुनाव आयोग दें रहा तो डब्बेबाज नेता छटपटा रहें। बिहार नें मतदान से पूर्व जो धारणा बनाने का प्रयास किया जा रहा वह बेहद घटिया है। अपनी संभावित हार को अभी से स्वीकार कर चुके विपक्ष का रोना संसद के बाहर सुनाई दें रहा। इस बार फिर बोलते हुए राहुल गांधी नें देश की सत्ता पर चुनाव आयोग से मिलकर चुनाव चोरी करने का आरोप लगाया है जबकि चुनावी प्रक्रिया बेहद सरल और पारदर्शी हो गई है। वहां कांग्रेस का नेरेटिव काम नहीं करता और ना वहां आंकड़े और संविधान की दुहाई देते है जैसे महाराष्ट्र, हिमाचल और कर्नाटक जैसे प्रदेशों में जहां कांग्रेस की सरकार है वहां यह खेल एक्सपोज हुआ है कि जीते तो सब ठीक और जहाँ हारे वहां चुनाव आयोग और मशीन दोषी ! वह तो जनता का मत ही इतनी बड़ी संख्या में भाजपा को परिवर्तित हुआ कि कांग्रेस सदमे में है और इसका ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ने के मनसूबे पूरे नहीं हो पा रहें।विपक्षी नेताओं की छटपटाहट और आंकड़ों की बाजीगरी का यह खेल एक बार फिर से यह साबित कर रहा है बिहार में फर्जी वोट करवाने की कोशिश जारी है ! उधर तेजस्वी नें कहा कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्ढक्र) विवाद लगातार गहराता जा रहा है। इसे लेकर विपक्ष ने चुनाव आयोग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। यहां तक कि चुनाव बहिष्कार की बात भी होने लगी है। राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी यादव ने गुरुवार को विशेष गहन पुनरीक्षण विवाद पर कहा कि हमारे पास बिहार विधानसभा चुनाव के बहिष्कार का विकल्प खुला है। एक बात स्पष्ट है कि सबकुछ तय हो गया है कि बेईमानी करनी ही है, वोटर लिस्ट से लाखों लोगों का नाम काटना हैज्तो हम चुनाव का बहिष्कार करने पर विचार कर सकते हैंज्हम सभी दल के लोगों से बात करेंगे।पुष्यमित्र शुंग (185 ईसा पूर्व) ने मौर्य वंश को उखा ?कर लाखों बौद्धों का नरसंहार किया और विहारों को नष्ट कर दिया। राजतरंगिणी में बताया गया है कि कश्मीर के राजा हर्ष ने मंदिरों को नष्ट करने के लिए एक विशेष अधिकारी नियुक्त किया था।दक्षिण भारत में चोल, चेर और पांड्य राजवंशों ने एक-दूसरे के मंदिरों और मठों को नष्ट किया। यह सब भी हम पढ़ते रहे है। तो क्या एनसीईआरटी इस वजह से इनके कृत्य को अंधेरगर्दी नहीं बता सकती है, यह विचारणीय है। किशोरवय के बच्चों में इतिहास को पन्ने की सही समझ विकसित करना एक चुनौतीपूर्ण काम है। इस उम्र में पैठ कर गई बातें उनके व्यक्तित्व को गति है।


## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

**फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com**

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - संपादक**

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**संपर्क करें -:**

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# प्रेम सौहार्द की प्रतीक सुदामा यात्रा में हज़ारों भक्त हुए शामिल



बीपीएस न्यूज

कानपुर नगर के बर्रा स्थित मयूरी चाट कार्नर से प्रेम सौहार्द की प्रतीक सुदामा यात्रा धूमधाम हर्षोल्लास से निकली। यात्रा का शुभारंभ ठाकुर प्रसाद गुप्ता पार्षद अखिलेश बाजपेई ओमेंद्र सोनी आशीष सचान रवि गुप्ता के द्वारा पूजन कर किया गया।

ठाकुर प्रसाद गुप्ता ने बताया कि बर्रा से कानपुर नगर में पहली बार सुदामा यात्रा निकाली जा रही है।जिसमें हजारों हजार भक्त शामिल हुए हैं। सुदामा यात्रा का मुख्य उद्देश्य सनातन संस्कृति को बढ़ावा देना है।

रवि गुप्ता ने कहा कि सुदामा स्वरूप ठाकुर प्रसाद गुप्ता भगवान श्री कृष्ण से मिलने भव्य रूप और हजारों श्याम प्रेमियों को लेकर निकल पड़े हैं। सुदामा यात्रा में राधा कृष्ण बांके बिहारी सहित श्री कृष्ण सुदामा जी जीवंत झाकियो ने सभी का मन मोह लिया। यात्रा में क्षेत्रीय आम जनमानस ने पुष्प वर्षा कर माहौल को और भी भक्तिमय कर दिया। आयोजक ठाकुर प्रसाद गुप्ता ने कहा कि सभी नगरवासियों ने भारी संख्या में यात्रा में शामिल हो सुदामा यात्रा को सफल बनाया है जिसमें सभी नगरवासियों ने अपना पूरा सहयोग दिया है।

इस मौके पर पं सुधीर मिश्रा पार्षद अखिलेश बाजपेई विकास अवस्थी ओमेंद्र सोनी सनी सेंगर रोहित गुप्ता देव गुप्ता गौरव शुक्ला जितेंद्र पाण्डेय पंकज गुप्ता आशीष बाजपेई राम संजीवन शर्मा सुरेश गुप्ता श्री कृष्ण गुप्ता सत्य नारायण गुप्ता राम प्रकाश गुप्ता अरविन्द गुप्ता राघव शुक्ला सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नौबस्ता चौराहे पर जाम में फंसी जिंदगियां, प्रशासन की अनदेखी



बीपीएस न्यूज मो.अकील/ राजेन्द्र केसरवानी

कानपुर नगर नौबस्ता चौराहा, जो कभी शहर का गौरव था, अब जाम का दंश झेल रहा है। रोजाना कई किलोमीटर लंबा जाम न केवल वाहन चालकों की मुश्किलें बढ़ा रहा है, बल्कि जिंदगियों को भी खतरे में डाल रहा है।

मरीजों को ले जा रही एम्बुलेंस घंटों जाम में फंसी रहती हैं, जहां हर पल अनमोल है। अमित यादव, स्थानीय निवासी, निराशा भरे लहजे में कहते हैं, एक घंटे से जाम में फंसे हैं। ड्यूटी पर देरी हो रही है, रोज का यही हाल है। सुरेश वर्मा ने बताया कि ट्रैफिक सिग्नल खराब पड़ा है, जिसे ठीक करने की ओर कोई ध्यान नहीं। रामकुमार गुप्ता ने सड़कों की दुर्दशा पर गुस्सा जाहिर करते हुए कहा, गड्ढों भरी सड़कें और जेब्रा क्रॉसिंग की कमी के चलते वाहन रेंगते हैं, और जाम बढ़ता है। ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी के बावजूद लापरवाही बरकरार है। पैदल चलने वालों की सुरक्षा के लिए जेब्रा क्रॉसिंग तक नहीं, जिससे सड़क पार करना जान जोखिम में डालने जैसा है। स्थानीय लोग प्रशासन से सड़कों की मरम्मत, सिग्नल ठीक करने और प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन की गुहार लगा रहे हैं। नौबस्ता चौराहे का जाम अब सिर्फ यातायात की समस्या नहीं, बल्कि इंसानी जिंदगियों का सवाल बन चुका है। देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन कब जागेगा ?

# जेल से कैदी भागने में जेलर, डिप्टी जेलर सहित चार सस्पेंड, सीसी टीवी में कैद फरार कैदी की हरकत

## राशन गोदाम की तरफ अंधेरे में छिपा रहा, चाहरदीवारी के तारों के बीच जगह बनाकर कूदा

बीपीएस न्यूज

कानपुर ।दोस्त की हत्या के आरोप में जेल में बंद कैदी असरुद्दीन शुक्रवार रात त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा ध्वस्त कर फरार हो गया। गिनती के दौरान कैदी के फरार होने की खबर पर जेल अधिकारियों में हड़कंप मचा। सर्च अभियान चलाकर सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए तो वह टिन शेड पर चढ़ते नजर आया। डीजी जेल पीसी मीणा ने जेलर मनीष कुमार, डिप्टी जेलर रंजीत यादव, हेडवार्डन नवीन मिश्रा और वार्डन दिलशाद खान को सस्पेंड कर दिया है। डीजी जेल ने डीआईजी जेल प्रदीप गुप्ता को मामले की जांच पूरी कर एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है।पुलिस दस्तावेज के अनुसार जाजमऊ के ताड़ बगिया के असरुद्दीन ने आठ जनवरी 2024 को अपनी पत्नी के अफेयर के शक में करीबी दोस्त इस्माइल की हत्या की थी। छह दिन बाद 14 जनवरी को पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी कर जेल भेजा था। मूलरूप से असम प्रदेश का रहने वाला असरुद्दीन तब से जेल में बंद था। शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे कैदियों की गिनती के बाद वह मिसिंग मिला। इसकी सूचना पर जेल अधिकारी में हड़कंच मचा और सर्च अभियान चलाया गया। सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए तो वह टिन शेड पर चढ़ते नजर आया। इसके बाद कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। काफी तलाश के बाद जेल प्रशासन ने माना कि वह फरार हो गया है। पुलिस फोर्स जाजमऊ और असम में उसकी तलाश में गई है। जेल अधिकारियों के अनुसार शुक्रवार रात दो बजे तक सर्च अभियान चला। जिला जेल के सभी सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। तभी मुलाहिजा बैरक के पास राशन गोदाम में बोरियों के पीछे छिपा असरुद्दीन निकलता दिखा। इसके बाद एक डिब्बे के सहारे टिन शेड पर चढ़ा। जांच में पता चला कि गोदाम की छत पर पहुंचने के बाद वह कुछ समय दीवार की आड़ में छिपा। इसके बाद जेलर ऑफिस की छत फांदकर बाहरी दीवार तक पहुंचा। उसके बाद दीवार के सहारे गंगा नदी की ओर कूदकर फरार हो गया।



### कई दिन से रेकी में जुटा था असरुद्दीन

त्रिस्तीय सुरक्षा वाली जिला जेल से भागने के लिए हत्यारोपी असरुद्दीन कई दिन से रेकी कर रहा था। जेल सूत्रों के अनुसार बंदी रक्षकों का कहना है कि असरुद्दीन पांच-छह दिन से मुलाहिजा बैरक, मिलाई वाले स्थान और गोदाम के आसपास टहलता रहता था। अंदेशा जताया जा रहा है कि कई दिन पहले वह भागने की योजना बना चुका था, इसलिए टहलकर रेकी कर रहा था। फरार कैदी को दबोचने के लिए बस अड्डा, रेलवे स्टेशन के साथ ताड़ बगिया में तलाश चालू है। एक टीम को असम उसके पैतृक गांव भेजा गया है।

# अवनीश की बढ़ीं मुश्किलें, गुंडाएक्ट की कार्रवाई... एक हजार करोड़ की नजूल संपत्ति कब्जाने के प्रयास का मामला

बीपीएस न्यूज

कानपुर।नजूल की एक हजार करोड़ की जमीन कब्जाने के प्रयास के बाद पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष अवनीश दीक्षित की मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। 21 मुकदमों में जमानत पर जेल से बाहर आए अवनीश को अभी राहत नहीं मिलने वाली।गैंग घोषित व गैंगस्टर की कार्रवाई के बाद किदवईनगर पुलिस ने अब अवनीश पर गुंडाएक्ट की कार्रवाई की है।जल्द ही जिलाबदर की भी कार्रवाई होगी।कोतवाली पुलिस ने इंटररेंज गैंग पंजीकृत कर अवनीश व उसके 26 सहयोगियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है।



सिविल लाइन स्थित मैरी एंड मैरीमेन स्कूल की एक हजार करोड़ की जमीन पर कब्जे के प्रयास में 28 जुलाई 2024 को बवाल हुआ था।लेखपाल विपिन कुमार ने जमीन कब्जाने के मामले में मुख्य साजिशकर्ता झांसी के हरेंद्र मसीह, प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित समेत 13 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में 13 आरोपी जेल गए थे। बाद में तीन नए नाम भी बढ़े।

कोतवाली पुलिस ने मास्टर माइंड हरेंद्र मसीह और अवनीश दीक्षित, साथी राहुल वर्मा, मौरिस एरियल, कमला एरियल, अभिषेक एरियल, अर्पण एरियल, जीतेश झा, संदीप शुक्ला, विक्की चार्ल्स, अली अब्बास, जितेंद्र शुक्ला, विवेक पांडेय, मनोज यादव, मो. वसीम, अखलाख अहमद के खिलाफ 3200 पेज की चार्जशीट कोर्ट में पेश की थी। आरोपियों को डकैती व गिरोह बनाकर कब्जा करने सहित अन्य धाराओं में आरोपी बनाया था। जिसमें जितेंद्र शुक्ला, मो. वसीम और अखलाख अहमद को छोड़कर सभी जेल में हैं। गैंगस्टर की भी कार्रवाई हुई। अवनीश और उनके सहयोगियों पर वसूली समेत धोखाधड़ी की भी रिपोर्ट दर्ज हुई।

सभी मामलों में जमानत मिलने के बाद अवनीश तीन जुलाई को जेल से बाहर आए। किदवईनगर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम ने बताया कि अब अवनीश के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है। जल्द ही जिलाबदर की भी कार्रवाई होगी।






# तीन दिन से लापता युवक का कीचड़ में मिला शव, प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका, पुलिस पर लापरवाही का आरोप





बीपीएस न्यूज

कानपुर । रावतपुर में तीन दिन से लापता युवक का शव कीचड़ में मिला है, जिसकी प्रेम प्रसंग के चलते हत्या की आशंका है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने समय रहते कार्रवाई नहीं की, जबकि पुलिस ने प्रेमिका और उसके परिवार के सदस्यों समेत तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है।कानपुर में रावतपुर के मसवानपुर में तीन दिन से लापता युवक का शव कीचड़ में मिलने से हड़कंप मच गया। शव के सिर से मांस गायब है और जबड़ा तक बाहर आ गया है। उसे वजनदार वस्तु से प्रहार या तेजाब से जलाने की आशंका है। मृतक की मां के मुताबिक मोहल्ले की एक लड़की से बेटे का प्रेम प्रसंग था। तीन दिन पहले ही लड़की के परिजनों ने घर में घुसकर धमकी दी थी।

इसके बाद से युवक लापता था। रावतपुर थाने में शिकायत करने गए, तो उन्हें भगा दिया गया। बुधवार दोपहर शव मिलने की सूचना मिली। मसवानपुर के फर्रा मस्जिद के पीछे प्राइवेट कर्मी रज्जन गौतम अपनी पत्नी सुनीता और बेटा सुमित (18) और दो बेटियां पायल, नैना के साथ रहते हैं। बेटा सुमित और पत्नी सुनीत भी तम्बाकू फैक्ट्री में काम करती है।बुधवार को घर के पास तालाब की जमीन पर कीचड़ में सुमित का शव मिलने से हड़कंप मच गया। आनन फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी गई। एसीपी रंजीत कुमार समेत थाना पुलिस पर पहुंची और घटना की तफ्तीश की। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। परिजनों ने प्रेम प्रसंग के चलते हत्या करने का आरोप लगाया है।

परिजनों ने पुलिस पर कार्रवाई न करने के आरोप लगाए हैं। मृतक की मां ने एसीपी रंजीत कुमार से बताया कि जब शिकायत करने गए तो पुलिस ने भगा दिया। मां सुनीता ने बताया कि पड़ोस की रहने वाली किशोरी से उनके बेटे का प्रेम प्रसंग था। बीते रविवार शाम को सुमित खाना खा रहा था तभी एक फोन आया जिसके बाद वह खाना छोड़कर चला गया, तब से वह नहीं आया।

सोमवार को युवती के पिता और तीन चाचा जबरन उनके घर में घुस आए और गाली गलौज व मारपीट की थी। इतना ही नहीं सुमित का मोबाइल फोन भी उठा ले गए। आरोप है कि जब वह शिकायत करने थाने पहुंची तो पुलिस ने उन्हें भगा दिया। अगर पुलिस ने समय से कार्रवाई की होती, तो शायद उनका लाल जिंदा होता। एसीपी रंजीत कुमार ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया।

वहीं, पुलिस ने मामले में युवती के पिता और तीन चाचा को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एसीपी रंजीत कुमार ने बताया कि जिनके ऊपर आरोप लगाए गए है। पोस्टमार्टम और सीडीआर की रिपोर्ट आने के बाद स्थिति पूरी तरह से साफ हो सकेगी। एडीसीपी पश्चिम कपिल देव सिंह ने भी परिजनों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिजन जो आरोप लगा रहे हैं उसकी भी जांच कराई जाएगी।

लड़की ने फोन कर बुलाया, बोली फोन घर पर रखकर आना

मृतक की मां का आरोप है कि रविवार शाम को लड़की का फोन आया उसने मिलने के लिए बुलाया था बोला कि फोन घर पर रख कर आना। इससे बेटे की लोकेशन न मिल सके। बेटा यहां से गया इसके बाद फिर वापस नहीं मिला। पुलिस से शिकायत की तो पुलिस ने उल्टा बेटे का मोबाइल ही थाने में रख लिया।

# जमाल सिद्दीकी बोले- डिंपल का पहनावा मस्जिद में जाने लायक नहीं, मुसलमानों का अपमान किया, कही ये बात

बीपीएस न्यूज

कानपुर । भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने डिंपल यादव के मस्जिद दौरे पर उनके पहनावे को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उनका पहनावा मस्जिद के नियमों के अनुसार नहीं था। साथ ही उन्होंने युवाओं के लिए डॉ. कलाम स्टार्टअप यूथ अवॉर्ड 2.0 की भी घोषणा की।कानपुर में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डिंपल यादव पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि डिंपल यादव का पहनावा मस्जिद के नियमों के अनुसार सही नहीं था, क्योंकि उन्होंने बिना सिर ढके मस्जिद में प्रवेश किया। उन्होंने इसे मुसलमानों का अपमान बताया और कहा कि मस्जिद में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए पूरे शरीर को ढकना अनिवार्य है।

सपा पर निशाना साधते हुए जमाल सिद्दीकी ने कहा कि ए फॉर अखिलेश, डी फॉर डिंपल और आर फॉर रामगोपाल है। कहा कि अखिलेश का तंबू मुसलमानों के बंबू पर टिका हुआ है। सिद्दीकी ने



अखिलेश पर मस्जिद में जाकर ठहाके लगाने का आरोप भी लगाया। साथ ही, जमाल सिद्दीकी ने डॉ. कलाम स्टार्टअप यूथ अवॉर्ड 2.0 की घोषणा की। यह अवॉर्ड भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की 10वीं पुण्यतिथि के अवसर पर देशभर के सर्वश्रेष्ठ अल्पसंख्यक युवाओं को दिया जाएगा।

जमाल सिद्दीकी ने मोदी सरकार की योजनाओं की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि अखिलेश सरकार के दौरान जहां 30 हजार स्टार्टअप थे। वहीं मोदी सरकार के आने के बाद यह संख्या बढ़कर चार लाख छत्तीस हजार हो गई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी योजनाओं से युवाओं को सशक्त बना रही है। उन्होंने डॉ. कलाम को याद करते हुए कहा कि उनके आदर्शों पर चलते हुए देश के भविष्य और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में योगदान देना चाहिए।

# हैलेट में निर्माण कार्यों की धीमी गति पर डीएम ने जताई नाराजगी

बीपीएस न्यूज

कानपुर, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने आज अपराह्न हैलेट में निर्माणाधीन परियोजनाओं का औचक निरीक्षण किया। मौके पर निर्माण कार्य में अत्यधिक विलंब और कागज़ों में असत्य प्रगति दर्ज मिलने पर उन्होंने तीखी नाराजगी जताई और राजकीय निर्माण निगम के परियोजना प्रबंधक को कड़ी फटकार लगाई।डीएम दोपहर दो बजे हैलेट पहुंचे। यहां 18.56 करोड़ रुपये की लागत से सर्जरी विभाग में प्राइवेट लेक्चर हॉल और प्रशासनिक भवन (जी+2) का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी राजकीय निर्माण निगम को सौंपी गई है। परियोजना प्रबंधक आरके गुप्ता द्वारा सौंपे गए अभिलेखों में कार्य की प्रगति सात प्रतिशत दिखाई गई थी

और यह दर्शाया गया था कि नींव की खुदाई का कार्य हो चुका है। लेकिन जब जिलाधिकारी मौके पर पहुंचे, तो वहां जमीन पर कोई काम होता नहीं मिला।न नींव की खुदाई हुई थी और न ही किसी भी तरह की गतिविधि नज़र आई।

इस पर जिलाधिकारी ने सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि परियोजना की पहली किस्त के रूप में 2.51 करोड़ रुपये लगभग पांच महीने पहले ही जारी किए जा चुके हैं। इसके बावजूद जमीन पर कोई काम न होना



लापरवाही का प्रमाण है।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्जरी ब्लॉक के रिनोवेशन कार्य की स्थिति का भी जायजा लिया।3.79 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना को

31 मई तक पूरा किया जाना था, लेकिन अब तक कार्य अधूरा है। जिलाधिकारी ने सख्त लहजे में निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में यह कार्य 30 सितंबर तक पूरा कर लिया जाए।

# अब रोस्टर ड्यूटी करेंगे सीएनजी सिटी बसों के परिचालक

कानपुर। सीएनजी सिटी बसों की संख्या घट रही है। इसे देखते हुए परिचालकों को अब 12-12 दिन के रोस्टर के आधार पर ड्यूटी दी जाएगी। इस निर्णय से परिचालकों के सामने नौकरी का संकट खड़ा हो गया है। नए नियम से परिचालक अब 12 दिन ही ड्यूटी कर सकेंगे।

कानपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (केसीटीएसएल) शहर में 67 बसों का संचालन कर रहा है। ये बसें विभिन्न रूटों पर चल रही हैं। पहले 110 बसें संचालित हो रही थीं लेकिन करीब 75 प्रतिशत बसें समयसीमा पूरी कर कंडम हो गई हैं और अब फजलगंज स्थित डिपो में खड़ी हैं। इस स्थिति को देखते हुए ही परिचालकों की ड्यूटी रोस्टर के हिसाब से लगाने का निर्णय लिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि 165 से ज्यादा परिचालक हैं, सभी को रूट पर जाने का मौका मिले, इसलिए ड्यूटी रोस्टर लागू किया गया है। केसीटीएसएल के मुख्य प्रबंधक (संचालन) रजनीश राजपूत ने बताया कि वर्तमान में संचालित सीएनजी बसें कंडम होने की स्थिति में हैं। नई बसें आने पर परिचालकों को परेशानी नहीं होगी।

सितंबर तक 100 और नई बसें चलाने का लक्ष्य है। इसके लिए पिछले दिनों बैठक भी हुई थी जिसके बाद केसीटीएसएल ने लखनऊ मुख्यालय को प्रस्ताव भेज दिया है। अब टेंडर प्रक्रिया हो रही है।

इन रूटों पर घटीं सिटी बसें

बसों के घटने से घंटाघर-मूसानगर, नौबस्ता-बिंदकी, घंटाघर-भोगनीपुर, रामादेवी-अकबरपुर, रावतपुर-बिल्हौर, नौबस्ता-भोगनीपुर, नौबस्ता-जहानाबाद, घंटाघर-मखौली, जाजमऊ-आईआईटी, रावतपुर-गहलो, घंटाघर-देवमई, फजलगंज-रूरा रूट पर बसों के फेरे घट गए हैं। इससे यात्रियों को नगरीय बस परिवहन सुविधा लेने में परेशानी आ रही है।

# डीएम बोले- ओवरलोड वाहनों पर लगाएं रोक, ब्लैक स्पॉट पर खड़ी रहे एंबुलेंस

कानपुर। हाईवे पर हो रहे सड़क हादसों पर रोक लगाने के लिए डीएम ने मंगलवार को कलक्ट्रेट में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। डीएम ने ओवरलोड वाहनों की आवाजाही पर पूरी तरह से रोक लगाने को कहा है। संबंधित जिलों के अधिकारियों से संपर्क कर हमीरपुर, महोबा व बांदा जिलों से आने वाले ओवरलोड ट्रकों पर कार्रवाई करने के निर्देश खनन अधिकारी को दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि अगस्त माह में पूरे जिले में विशेष प्रवर्तन अभियान चलेगा।

नौबस्ता से घाटमपुर-सजेती तक कुल आठ स्थानों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिह्नित किया गया है। एनएचएआई व स्वास्थ्य विभाग को नौबस्ता-सजेती के बीच दुर्घटना संभावित स्थलों पर एंबुलेंस खड़ा रखने को कहा है। डीएम ने हाईवे किनारे पेड़ों की छटाई के निर्देश जिला वन अधिकारी को दिए।

बैठक में डीसीपी ट्रैफिक रविंद्र कुमार, डीएफओ दिव्या, एडीएम सिटी डॉ राजेश कुमार आदि मौजूद रहे। डीएम ने जिला आबकारी अधिकारी को सागर-हमीरपुर हाईवे किनारे शराब बिक्री के सभी बोर्ड एक सप्ताह में हटवाने और एनएचएआई के परियोजना निदेशक को अवैध कटों को बंद कराने के निर्देश दिए। सागर हाईवे पर स्थित घनी आबादी वाले गांवों में वाई-जंक्शन निर्माण का प्रस्ताव शीघ्र तैयार करने को कहा।

# नशा मुक्त भारत अभियान के लिए जीवन समर्पित करने वाले ज्योति बाबा विश्वरत्न सम्मान से सम्मानित

कानपुर। पिछले 35 वर्षों से नशा मुक्ति युवा भारत अभियान चलाने वाले, 6 हजार से ज्यादा जन जागरूकता जन चेतना के कार्यक्रम कर चुके,अब तक तीन करोड़ बच्चों को नशा मुक्ति का संकल्प कराने वाले,अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति अभियान के प्रमुख,एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डधारी,सोसाइटी योग ज्योति इंडिया के राष्ट्रीय निदेशक योग गुरू ज्योति बाबा को हार्मनी इंडियन अवार्ड काउंसिल के तत्वाधान में अखिल भारतीय प्रतिभा महासम्मेलन में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में देश के प्रतिष्ठित 100 समाजसेवियों,वैज्ञानिक,स्पिरिचुअल लीडर,डॉक्टर, इंजीनियर,एजुकेशनिस्ट,आर्टिस्ट,वही युवा नशे की वजह से समाज पर बोझ बनकर परिवार, समाज और राष्ट्र को खोखला बना रहे हैं। ज्योति बाबा इस सम्मान को अपना संबल बनाते हुए नशा मुक्ति युवा भारत अभियान में और रचनात्मक, हार्ड वर्किंग तथा नेशन फर्स्ट के संकल्प के साथ डेडीकेशन, योग गुरू ज्योति बाबा को विश्वरत्न सम्मान 2025 मिलने पर देश के सभी नशा मुक्ति सेनानियों के साथ खुशियां व्यक्त करने वालों में प्रमुख डॉक्टर अतुल कुमार मिश्रा अध्यक्ष राष्ट्रीय अटल आरोग्य संघ,डॉक्टर धर्मेंद्र यादव राष्ट्रीय संयोजक सोसाइटी योग ज्योति इंडिया,दिल्ली प्रदेश संयोजक प्रदीप बिश्नोई, प्रदेश संयोजिका उत्तर प्रदेश डॉक्टर सुलोचना दीक्षित,राष्ट्रीय सचिव गीता,नवीन गुप्ता,विकास गौड एडवोकेट, रोहित कुमार, चेतना गुप्ता एडवोकेट इत्यादि शामिल थी।

# ट्रेड यूनियंस कोर्डिनेशन सेन्टर ( टीयूसीसी ) की बैठक नगर निगम में सम्पन्न हुई, बैठक पर टिकी रही जिला प्रशासन की निगाहें



बीपीएस न्यूज

कानपुर नगर निगम, केडीए, केस्को, श्रम विभाग के कर्मचारी प्रतिनिधियों के साथ साथ स्ट्रीट वेंडर, सफाई कर्मचारी, समाजवादी मजदूर सभा एवं आयकर अधिकारी भी बैठक में उपस्थित, ट्रेड यूनियंस कोर्डिनेशन सेन्टर टीयूसीसी के जिला संयोजक दिनेश सिंह भोले के नेतृत्व में आज प्रमिला

सभागार के समाने सफाई कर्मचारी यूनियन ऑफिस में कई विभागों के सरकारी व संविदा कर्मचारियों के प्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में टीयूसीसी के जिला संयोजक दिनेश सिंह भोले ने बताया कि 11 अगस्त को टीयूसीसी के राष्ट्रीय महासचिव एवं केन्दीय न्यासी बोर्ड कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सीबीटी मेंम्बर भारत सरकार एस0पी0 तिवारी कानपुर दौरे पर आ रहें हैं,और उनके स्वागत की भव्य तैयारी के संबंध में चर्चा की गई,साथ ही साथ उन्होंने बैठक में सरकारी व संविदा कर्मचारियों की वर्तमान स्थिति एवं समस्याओं पर चर्चा की।

नगर निगम के कर्मचारी प्रतिनिधि की ओर से शिव कुमार समुद्रे, केडीए कर्मचारी प्रतिनिधि की ओर से राकेश रावत, केस्को कर्मचारी प्रतिनिधि की ओर से स्वंय दिनेश सिंह भोले,श्रम विभाग कर्मचारी प्रतिनिधि की ओर से अमित प्रजापति, आयकर विभाग की ओर से आयकर अधिकारी शरद अग्रवाल व समाजवादी मजदूर सभा की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल निगम वारसी बतौर आमंत्रित प्रतिनिधि उपस्थित रहे

# हर घर तिरंगा फहराकर राष्ट्रभक्ति की भावना जगाएगी भाजपा




कानपुर। हर घर तिरंगा अभियान के जरिए भाजपा राष्ट्रभक्ति की भावना जाग्रत करने में जुट गई है। पार्टी 10 से 15 अगस्त तक विभिन्न आयोजन करेगी। भाजपा कार्यकर्ता प्रत्येक घर, फैक्ट्री, दुकान, कारखाना, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, सार्वजनिक स्थानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में तिरंगा फहराने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

मंगलवार को केशव नगर से भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में हर घर तिरंगा अभियान की कार्यशाला का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि भाजपा कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह सहित अन्य नेताओं ने इस अभियान को केवल झंडा फहराने तक सीमित न मानते हुए इसे राष्ट्रभक्ति का जनआंदोलन करार दिया।तिरंगा यात्रा में कार्यकर्ता सुरक्षा बलों एवं बलिदानियो के साथ-साथ रक्षा उपकरणों के प्ले कार्ड लेकर आगे आगे चलेंगे। इसके बाद 12 से 14 तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों, स्वतंत्रता आंदोलनो से जुड़े महत्वपूर्ण स्थानो के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।प्रमुख रूप से पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया, राम बहादुर यादव, गणेश शुक्ला, विनोद मिश्रा ,जसविंदर सिंह, मनीष त्रिपाठी, पंकज द्विवेदी, अर्जुन बेरिया, राजन चौहान, संजय कटियार , अनुराग शुक्ला, वीरेंद्र दिवाकर, रमाकांत शर्मा, शिवम मिश्रा ,तेज बहादुर यादव,अंकुर गुप्ता, अन्वेष शुक्ला , सहित सभी मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी कानपुर ग्रामीण मासिक बैठक एवं जनेश्वर मिश्र जयंती का आयोजन

बीपीएस न्यूज

कानपुर जिला कार्यालय, नवीन मार्केट समाजवादी पार्टी कानपुर ग्रामीण की मासिक बैठक एवं %छोटे लोहिया% स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की जयंती पूर्व विधायक एवं जिलाध्यक्ष मुनीन्द्र शुक्ला की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने स्व. जनेश्वर मिश्र के समाजवादी विचारों को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम संचालन जिला महासचिव जितेंद्र कटिहार ने किया।

बैठक में एक विशेष प्रस्ताव जिला उपाध्यक्ष राजकुमार चौहान सहित पाँच अन्य जिला उपाध्यक्षों द्वारा संयुक्त रूप से प्रस्तुत किया गया। प्रस्ताव में बसपा के एक पूर्व मंत्री के संदर्भ में मांग रखी गई कि उक्त नेता, जो 2022 में भाजपा कार्यालय जाकर पार्टी में शामिल होने का प्रयास कर चुके थे ह।।क्रूघोटाले ( ?3500 करोड़) के अभियुक्त हैं,एवं 2022 विधानसभा तथा 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में खुलेआम कार्य कर चुके हैं।समाजवादी पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने ध्वनि मत से इस प्रस्ताव को पारित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी से अनुरोध किया कि ऐसे अवसरवादी नेताओं को किसी भी दशा में पार्टी में शामिल न किया जाए। प्रस्ताव को विशेष वाहक द्वारा राष्ट्रीय नेतृत्व को भेज दिया गया।

बैठक के दौरान अन्य विषय पर चर्चा की गई सहकारिता समितियों पर खाद की अनुपलब्धता प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पुलिस द्वारा आम नागरिकों का उत्पीड़न इन विषयों पर वक्ताओं ने विस्तारपूर्वक चर्चा की और प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग की।बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे राजाराम पाल (पूर्व सांसद)सतीश निगम (पूर्व विधायक, कल्याणपुर)फतेह बहादुर सिंह गिल (पूर्व प्रत्याशी, महाराजपुर)जितेन्द्र कटियार (महासचिव)साहिर हुसैन जाफरी, श्याम सुन्दर यादव, राजकुमार चौहान, मगन सिंह भदौरिया, विकास कटियार (जिला उपाध्यक्षगण) हरि प्रसाद कुशवाहा (कार्यालय प्रभारी, कानपुर ग्रामीण)दुल्लर शुक्ला (महासचिव, बिठूर विधान सभा)सोमवती संख्यवार (जिला पंचायत सदस्य)जिला कार्यकारिणी सदस्यगण-

रियाज खान,अनीस वेग,श्रवण कुमार कोरीब्लॉक/ विधानसभा पदाधिकारीगण,नाथु राम कोरी शैलेन्द्र सिंह यादव ब्लॉक अध्यक्ष, शिवराजपुर,रंजन पासी,शिवसिंह पाल,अभय पूरी जिला अध्यक्ष,युवजन सभा,जितेन्द्र यादव ब्लॉक अध्यक्ष, बिधनू,मनोज यादव,ब्लॉक अध्यक्ष, घाटमपुर,राजू वर्मा विधानसभा अध्यक्ष, घाटमपुर

विनय कोरी वरिष्ठ नेता,बिल्हौर,अनिल सोनकर वारसी वरिष्ठ नेता, ाटमपुर,शिव सिंह यादव पूर्व महासचिव, बिठूर जिला सचिवगण,विकास कनौजिया,रंजीत तोमर

मोनू चौहान,शिव कुमार शाहू,कर्मवीर यादव,अनिल त्रिवेदीअजीत यादव,आशीष गौतम,विशेष आमंत्रित/अन्य नेता-डॉ. सरफराज आलम,दिलीप पाल, कल सुजीत सिंह उपाध्यक्ष कल्याणपुर अजीत पाल,राजकुमार निषाद,काली सोनकर,वीरपाल यादव (एडवोकेट)राजेन्द्र प्रसाद पाल,रितेश सोनकर,अनुराग पाल,अमित पाल,समित पाल,नवीन यादव,गणेश पाल,अजय पासी पूर्व प्रत्याशी पार्षद,ऋषि शुक्ला,श्रवण कश्यप,गुलाब सिंह यादव,बलवान सिंह यादव,अजय यदुवंशी,अमित यादव

सुजीत सिंह,पवन कुमार तिवारी,हरिकेश सिंह यादव मंजीत यादव,अमन यादव,महेन्द्र प्रताप यादव,शिवम पालजीतू यादव,छोटे सिद्दीकी,आदित्य यादव,सत्यम बाजपेई प्रवक्ता,नसीम रजा,प्रवक्ता, समाजवादी पार्टी कानपुर ग्रामीण,नरेंद्र यादव, प्रवक्तावीरेन्द्र कुमार, इत्यादि लोग रहे!

# 53 वे स्थापना दिवस के अवसर पर दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया

कानपुर अंध विद्यालय नेहरू नगर के सभागार में संघ के 53 वे स्थापना दिवस के अवसर पर दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। जिसमें दृष्टि बाधित युवाओं की समस्याओं तथा दृष्टिबाधित केंद्रीय व राज्य स्तरीय कर्मचारियों की समस्याओं पर विचार किया गया एवं विचारोपरांत उनके निदान हेतु एक ठोस राष्ट्रीय रणनीति बनाई गई।संघ के राष्ट्रीय महासचिव संतोष कुमार रूंगटा ने इस सम्मेलन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस सम्मेलन में देश भर से लगभग 400 दृष्टि दिव्यांग साथियों ने भाग लिया। इस अवसर पर एक सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन देशभर से आए हुए दृष्टिबाधित छात्रों के द्वारा किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन सांसद देवेंद्र सिंह भोले, सांसद ,अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र, कानपुर नगर की महापौर प्रमिला पांडे एवं बिल्हौर विधानसभा विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने किया। सभी जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उठाई गई दृष्टि दिव्यांग भाई बहनों को होने वाली समस्याओं के निदान का प्रस्ताव शासन प्रशासन के समक्ष रखने का आश्वासन दिया। आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ के राष्ट्रीय महासचिव संतोष कुमार रुंगटा एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री इंद्रजीत सिंह द्वारा किया गया।साथ ही शाम को आयोजित संगीत संध्या का उद्घाटन संयुक्त रूप से विधायक नीलिमा कटियार, जितेंद्र प्रताप सिंह जिलाधिकारी कानपुर नगर, पवन गुप्ता क्षेत्रीय पार्षद , दीपक कोठारी( उद्योगपति एवं वरिष्ठ समाज सेवी) एवं विजय पारेख (उद्योगपति एवं वरिष्ठ समाज सेवी) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चंद्रवीर ने किया। आए हुए सभी अतिथि दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा देखकर भाव विभोर हो उठे एवं इनकी प्रतिभा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर ले जाने का भी आश्वासन दिया।जिलाधिकारी ने विद्यालय एवं संघ को हर प्रशासनिक सहयोग का भरोसा दिलाया। विद्यालय में दीपक कोठारी द्वारा संचालित संस्था( यश कोठारी चेरिटेबल ट्रस्ट) द्वारा विद्यालय हेतु 27 किलो वॉट के सोलर सिस्टम का भी उद्घाटन आए हुए अतिथियों द्वारा किया गया साथ ही दीपक कोठारी, संस्थापक एवं अध्यक्ष ( यश कोठारी चेरिटेबल ट्रस्ट) द्वारा विद्यालय के समस्त छात्र एवं छात्राओं हेतु वर्ष भर दूध एवं अन्य पोषक आहार की नि:शुल्क व्यस्था भी की गई। अचिंत्य चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विद्यालय के बच्चों को स्कूल बैग एवं स्पोर्ट्स किट भी दी गई।विजय पारेख द्वारा विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को डिजिटल लर्निंग हेतु स्मार्ट फोन भी दिए गए।आए हुए सभी अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने संघ एवं विद्यालय को भविष्य में भी हर संभव मदद देने हेतु अपनी सकारात्मक सहमति दी ।कार्यक्रम में रोहित मल्होत्रा,स्पर्श मल्होत्रा, अनूप मल्होत्रा,रेनू शाह, विद्यालय के समस्त अध्यापक,अध्यापिकाएं, समस्त स्टॉफ एवं छात्र,छात्राएं उपस्थित रहे और कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रजीत सिंह ने इस सफल आयोजन हेतु सभी अतिथियों एवं गणमान्य लोगों का हृदय से धन्यवाद दिया।

# इमरान प्रताप गढ़ी के जन्मदिन पर बीमार बच्चों को समर्पित रक्तदान शिविर



कानपुर, राजयसभा सांसद, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष इमरान प्रताप गढ़ी के जन्मदिन पर थैली सिमिया के बीमार बच्चों को समर्पित रक्तदान शिविर का उद्घाटन पूर्व विधायक पं भूधर नारायण मिश्र ने फीता काट कर किया जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर मे बड़े उत्साह के साथ 40लोगो ने भाग लेकर रक्तदान किया !रक्तदान शिविर का आयोजन लाला लाजपत राय (हैलट)अस्पताल के वरिष्ठ डाक्टरो* कि देख रेख मे सम्पन्न हुआ !रक्तदान करने वालो में प्रमुख रूप से समीर द्विवेदी सर चरण जीत सिंह,सर हानि सलूजा, सर दलजीत सिंह, सर परमजीत सिंह सर सिमरन जीत सिंह, सर अमरजीत सिंह सर बाबी जीत सिंह,सर रिंकू गंभीर, मनोज तिवारी, प्रदीप साहू, मुकेश यादव अभिषेक अवस्थी,अभिमन्यु शर्मा,ऋषभ सोनकर, नसीम प्रताप गढ़ी लिए अनार का जूस, काफ़ी, बिस्कुट आदि कि व्यवस्था कि गईं एवं गुलाब का फूल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मनित किया गया !उक्त अवसर पर 21किलो का केक पूर्व विधायक भूधर नारायण मिश्र,शहर कांग्रेस अध्यक्ष पवन गुप्ता, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष हरप्रकाश अग्निहोत्री, एवं कार्यक्रम के संयोजक, पार्षद सरदार अमन दीप सिंह गंभीर ने काट कर इमरान प्रताप गढ़ी के दीर्घायु होने कि कामना कि गई !कार्यक्रम संयोजक सरदार अमन दीप सिंह गंभीर ने कहा कि समाज से जुड़ने वाले कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित किये जायेंगे जिससे गरीब, बीमार लोगो को सुबिधा मिल सके तथा आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया !कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से निजामुद्दीन खा, इक़बाल अहमद,सर हरविंदर सिंह लार्ड ग्रीन बाबू सोनकर, साइमुअल लकी सिंह,शंकर दत्त मिश्र, संजीव खन्ना, दीपक धवन, ज़फर शाकिर,राजेंद्र त्रिपाठी,समीर द्विवेदी, दिनेश त्रिवेदी,आदि शामिल थे !

# भाजपाइयों ने भाजपा प्रदेश महामंत्री विधान परिषद सदस्य एवं कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय प्रभारी का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया



बीपीएस न्यूज

कानपुर। भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने सुंदरकांड कर प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता की दीर्घायु एवं प्रदेश एवं क्षेत्र में सुख-शांति व समृद्धि हेतु व अपने कार्यों को पूर्ण कर उनके दीर्घायु की कामना की ।शिवराम सिंह एवं वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी एवं संजय वन सामाजिक संस्था के अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता ने किदवई नगर में संजयवन के बाहर राहगीरों ,बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों को दही, जलेबी, फल वितरण किया।

प्रदेश महामंत्री के चित्र पर लड्डू खिलाकर जन्मदिन की बधाई दी। वहीं के ब्लॉक किदवई नगर में गोवर्धनपुरवा बस्ती में जरूरतमंद बच्चों को कापी, किताबें, पेंसिल, रबर, पेंसिल बॉक्स, लंच बॉक्स आदि का वितरण किया गया। वहीं गौशाला में जाकर गायों को गुड़ और हरा चारा खिलाकर अनूप गुप्ता के स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की प्रार्थना की ।प्रमुख रूप से जसविंदर सिंह, अचल गुप्ता, प्रवीण गुप्ता,डी के गुप्ता,हिमांशु पाल, दीपांकर मिश्रा, हिमांशु अरोरा,वासुदेव प्रजापति, अभिषेक निगम,प्रवीण मिश्रा,आदि मौजूद रहे।

# रंगदारी व धमकाने में अधिवक्ता अखिलेश दुबे समेत दो गए जेल, एलआईयू सतर्क

बीपीएस न्यूज

कानपुर ।भाजपा नेता को झूठे मुकदमे में फंसाकर रंगदारी मांगने और धमकाने के मामले में आरोपी अधिवक्ता अखिलेश दुबे व आयुष उर्फ लवी मिश्रा को सीजेएम सूरज मिश्रा ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। दोनों की ओर से जमानत अर्जी भी दाखिल की गई थी लेकिन दस साल तक की सजा का अपराध होने के कारण जमानत अर्जी सीजेएम कोर्ट से खारिज हो गई है। शुक्रवार को सेशन कोर्ट में अर्जी दाखिल की जा सकती है।

भाजपा नेता रवि सतीजा ने बर्रा थाने में बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसमें आरोप है कि अखिलेश दुबे व साथियों ने मिलकर वादी मुकदमा रवि सतीजा के खिलाफ बर्रा थाने में पॉक्सो एक्ट के तहत एक झूठा मुकदमा लिखवाया। जांच में घटना झूठी पाए जाने पर एफआर लगी तो आरोपियों ने रवि को उसके सोना मेंशन बिल्डिंग की छत पर कब्जे और जान माल की धमकी दी। वादिनी मुकदमा के माध्यम से कोर्ट में कूटरचित शपथपत्र दिलवाया गया फिर रवि को अखिलेश ने अपने कार्यालय में बुलाकर मुकदमे से बचाने के लिए 50 लाख रुपये रंगदारी मांगी। पुलिस ने मुकदमे में अखिलेश दुबे और लवी मिश्रा को बुधवार रात गिरफ्तार कर लिया था।



अखिलेश की रात 8:40 बजे और लवी की 9:30 बजे गिरफ्तारी दिखाई गई है।सुबह लगभग 10:30 बजे दोनों को कड़ी सुरक्षा में सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया।

डीजीसी दिलीप अवस्थी, जेडी कुंवर विक्रम सिंह व अभियोजन अधिकारी आराध्य मिश्रा ने कोर्ट में दोनों को रंगदारी मांगने, धमकाने, घर में घुसने और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने के मामले में न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की मांग की। तर्क रखा कि 6 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज हुई है।24 घंटे में विवेचना पूरी नहीं हो सकती। आरोपी सबूतों को प्रभावित कर सकते हैं। वहीं अखिलेश के अधिवक्ता एमके द्विवेदी ने कहा कि अखिलेश व लवी के खिलाफ कूटरचना, रंगदारी मांगने और किसी घर में घुसने का कोई सबूत नहीं है। रुपयों का कोई लेनदेन नहीं हुआ है। वादिनी ने खुद कोर्ट पहुंचकर अपने हस्ताक्षर से शपथपत्र दाखिल किया है इसलिए इसमें अखिलेश के खिलाफ कूटरचना का कोई अपराध नहीं बन रहा। ऐसा भी कोई सबूत नहीं मिला जिससे यह साफ होता कि आरोपियों ने रवि के घर या उसकी किसी संपत्ति में घुसने की कोशिश की। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने अखिलेश और लवी को सिर्फ रंगदारी और धमकाने के आरोप में ही रिमांड स्वीकार किया जबकि घर में घुसने व कूटरचना के पर्याप्त साक्ष्य न होने पर इनसे संबंधित धाराओं में रिमांड खारिज कर दिया। इसके बाद जमानत अर्जी दाखिल की गई लेकिन गंभीर अपराध मानकर कोर्ट ने अर्जी खारिज कर दी। लगभग 11:45 बजे दोनों को कड़ी सुरक्षा में कोर्ट से जेल भेज दिया गया।

# सपा महानगर में पीडीए पंचायत के साथ-साथ पीडीए पाठशाला भी चलाएगी

## जनता की समस्याओं को लेकर जल्द ही महानगर संगठन नगर निगम में धरना देगा




कानपुर गुरुवार समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के पदाधिकारियों कार्य समिति के सदस्यों विधानसभा अध्यक्षों फ्रंटल अध्यक्षों राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियो एवं पीडीए युवा टीम की मासिक बैठक महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय साथ नवीन मार्केट में अपराह्न 3:00 बजे आरंभ हुई !बैठक का संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया !बैठक की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर कानपुर महानगर के प्राथमिक विद्यालयों को मर्ज करने की एक साजिश के तहत पिछड़ों दलितों एवं अल्पसंख्यकों के बच्चों को शिक्षा से वंचित किए जाने की साजिश की जा रही है इसके विरोध में सपा नगर की पांचो विधानसभा क्षेत्रो के जिन इलाकों में प्राथमिक विद्यालय मर्ज हो गए हैं उस विद्यालय के पास पीडीए पाठशाला लगाकर शोषित पीड़ित दलितों पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के बच्चों को शिक्षा देकर शिक्षित किया जाएगा इसकी तैयारी के लिए सभी पदाधिकारियों विधानसभा अध्यक्षों को दिशा निर्देश जारी कर दिया गया है एवं पूरे कानपुर महानगर में पीडीए पंचायत लगाकर दलितों पिछड़ों शिक्षकों अल्पसंख्यकों व्यापारियों एवं प्रबुद्ध लोगों को समाजवादी पार्टी से जोड़ने का कार्य भी किया जाएगा !मासिक बैठक में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद प्रदेश सचिव के के शुक्ला महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू प्रदेश सचिव ओम प्रकाश मिश्रा नंदलाल जयसवाल आनंद शुक्ला महेंद्र सिंह परमवीर सिंह गंभीर फखरे आलम अंसारी कीर्ती अग्निहोत्री रजत मिश्रा सौरभ सिंह अनूप यादव दीपक खोटे शादाब आलम ,अरमान खान सोनू वर्मा आकाश यादव मुमताज मंसूरी मोहम्मद सारिया शेषनाथ यादव हेमंत गुप्ता नवीन दीक्षित अमित चौरसिया राजेंद्र सोनकर महताब आलम जफरुल हसन चंदन बादशाह राजू पहलवान अंसारी शेषनाथ यादव मनोज चौरसिया संतोष यादव सलाम इदरीसी एहसास बॉबी प्रवीण मिश्रा प्रीतम सिंह बक्शी अकील अहमद चांद बाबा समीउल्लाह इशरत इराकी आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।।

# जाबांज सिपाहियों का कमाल, सुबह-सुबह की ऑटो लूट में दो आरोपी दबोचे



कानपुर। अपराध और अपराधियों पर पैनी नजर बनाए हुए कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने एक बार फिर तेजी और सतर्कता का परिचय दिया है। एक सप्ताह पहले हुई ऑटो लूट की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य मुख्य आरोपी अब भी फरार है।

जानकारी के मुताबिक, बीते सप्ताह सुबह करीब 4 बजे घंटाघर चौराहे से तीन युवकों ने विजय नगर निवासी ऑटो चालक जगमोहन मिश्रा की ऑटो रायपुर जाने के बहाने बुक की थी। रास्ते में तीनों सवारियों ने ऑटो को गोपालपुर चौकी क्षेत्र की ओर मोड़ने को कहा। कुछ दूर खेत के पास पहुंचते ही तीनों ने ऑटो चालक पर हमला कर दिया।

चालक से मोबाइल, पैसे और ज़रूरी कागज़ात लूट लिए गए और उसके साथ मारपीट भी की गई। हालांकि सुबह का उजाला होने के कारण वे चालक को वहीं छोड़कर उसका ऑटो लेकर फरार हो गए। पुलिस को सूचना मिलने के बाद लगातार प्रयास शुरू किए गए, लेकिन शुरुआती पूछताछ में गिरफ्तार हुए अन्य अपराधियों को पीड़ित पहचान नहीं पाया।

गुरुवार सुबह करीब 11 बजे पुलिस को विश्वसनीय सूचना मिली। तत्परता दिखाते हुए हेड कांस्टेबल विपिन कुमार, कांस्टेबल गौरव सिंह, विजय सिंह, सुधीर चौधरी, उप निरीक्षक दीपक कुमार, विनोद कुमार और शरद कुमार की टीम ने कार्रवाई करते हुए पनकी थाना क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया चौकी अंतर्गत पतंजलि गोदाम के पास, भदौरिया पेट्रोल पंप के पीछे से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 17 वर्षीय निखिल यादव उर्फ हिम्मत पुत्र बलवान सिंह निवासी लालपुर हंसपुर, हनुमंत विहार, और 30 वर्षीय मनीष ओमरे पुत्र स्व. उत्तम लाल ओमरे निवासी बोधपुर बंबा, कुशवाहा स्वीट हाउस, हनुमंत विहार (मूल निवासी हमीरपुर) के रूप में हुई है।

पूछताछ के दौरान दोनों ने लूट की घटना कबूल की और बताया कि वे नशे की लत के कारण इस तरह की वारदातों को अंजाम देते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि लूटी गई ऑटो को हमीरपुर में छुपा दिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के साथ मौके पर पहुंचकर ऑटो को भी बरामद कर लिया है ।पूछताछ में यह बात भी सामने आई कि इस लूट की साजिश मुख्य आरोपी हर्ष ने रची थी, जो इस समय फरार है। उसी ने इन दोनों युवकों के साथ मिलकर चालक को खेत में ले जाकर लूट की योजना बनाई थी। पुलिस अब हर्ष की तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ उचित धाराओं में केस दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, वहीं मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश जारी है।

कानपुर कमिश्नरेट पुलिस की इस सक्रियता से न सिर्फ लूटकांड का खुलासा हुआ, बल्कि जनता में एक बार फिर सुरक्षा को लेकर विश्वास भी मजबूत हुआ है।

# बोरी कारोबारी से सप्लाई के नाम पर तीन लाख रुपये ठगे, रिपोर्ट

कानपुर। नौबस्ता थानाक्षेत्र में बोरी बनाने वाले कारोबारी को माल सप्लाई करने का झांसा देकर साइबर ठगों ने तीन लाख रुपये ठग लिए। रकम ट्रांसफर होते ही ठगों का मोबाइल बंद होने पर ठगी का एहसास हुआ। किदवईनगर वाई ब्लॉक निवासी सलिल त्रिपाठी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 24 जुलाई को उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आई जिसमें कॉलर ने खुद का नाम मैहुल बताया ।कहा कि वह गुजरात के राजकोट स्थित मैक्स पाली पैक कंपनी से बोल रहा है। यह कंपनी बोरी बनाने का कपड़ा (पीपी फैब्रिक) सप्लाई करती है। फोन पर ही 3.63 लाख रुपये में माल सप्लाई का सौदा तय हो गया। इसके बाद खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताने वाले मैहुल ने उन्हें राजकोट के मैरोड स्थित एचडीएफसी बैंक का खाता नंबर देकर दो बार में तीन लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। बाकी बचे 63 हजार रुपये सप्लाई करने के बाद अदा करने थे। रुपये ट्रांसफर होने के बाद मैहुल का मोबाइल नंबर बंद आने लगा। नौबस्ता थाना प्रभारी शरद तिलारा ने बताया कि पीड़ित ने मोबाइल नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। रुपये वापस कराए जाने को साइबर सेल की मदद ली जा रही है।

# जेल की दीवारें भी पिघलीं रक्षाबंधन की मिठास से, बरखा महोत्सव बना सौहार्द का प्रतीक

कानपुर। रक्षाबंधन के पूर्व अवसर पर जिला कारागार, कानपुर नगर में 07 अगस्त 2025 को एक भावनात्मक और सांस्कृतिक माहौल देखने को मिला, जब बरखा महोत्सव के माध्यम से महिला बंदियों और उनके बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई।यह आयोजन स्वयंसेवी संस्था ऑल इंडिया वूमेन डेवलपमेंट एंड ट्रेनिंग सोसायटी के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

इस विशेष अवसर पर कारागार में निरुद्ध 80 महिला बंदियों को संस्था द्वारा सजे-संवरे राखी थाल भेंट किए गए, जिनमें राखी, रोली, चंदन और अक्षत जैसी पूजन सामग्रियाँ सम्मिलित थीं। इन थालों के माध्यम से महिला बंदियाँ रक्षाबंधन के पर्व को आत्मीयता से मना सकें, यही इस आयोजन का उद्देश्य रहा।

जेल अधीक्षक डॉ. बी.डी. पांडेय ने बताया कि कुछ महिला बंदियों के परिजन भी इसी कारागार में निरुद्ध हैं, इसलिए यह पहल उनके लिए और भी विशेष हो जाती है। यह आयोजन उन्हें पारिवारिक जुड़ाव और सामाजिक रिश्तों की गरिमा का अनुभव कराता है।

महोत्सव के अंतर्गत मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन कर सभी महिला बंदियों को मेंहदी वितरित की गई। उन्होंने बड़े उत्साह से अपनी हथेलियों को सजाया और आपस में एक-दूसरे की मेंहदी लगाकर सहयोग और अपनापन दर्शाया। इसके साथ ही गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कारागार परिसर एक उत्सवस्थल में परिवर्तित हो गया।

महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों को भी इस आयोजन में शामिल किया गया। संस्था द्वारा बच्चों को वस्त्र और खिलौनों के रूप में उपहार प्रदान किए गए, जिससे उनके चेहरे भी उत्साह और प्रसन्नता से खिल उठे। यह कदम उनके मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक विकास को भी साकार करता है।

डॉ. पांडेय ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे आयोजन केवल पर्व नहीं होते, बल्कि यह बंदियों के पुनर्वास और सामाजिक पुनर्संवेदना की दिशा में एक मजबूत पहल हैं। यह अनुभव उन्हें सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करता है।

बरखा महोत्सव ने यह सिद्ध किया कि जेल की ऊँची दीवारों के बीच भी प्यार, भावना और रिश्तों की गर्माहट पूरी शिद्दत से महसूस की जा सकती है।








# एलिवेटेड ट्रैक का निर्माण इसी वर्ष शुरू कर दिया जाएगा, मंत्री नितिन गडकरी से सांसद रमेश अवस्थी ने की मुलाकात

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी ने रविवार को दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कानपुर नगर के चौमुखी विकास, विशेष रूप से यातायात जाम की समस्या एवं बुनियादी ढांचे को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

सांसद रमेश अवस्थी ने गडकरी से कहा कि जीटी रोड गोल चौराहा से रामादेवी तक लगभग 11 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड ट्रैक के निर्माण की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार हो चुकी है और प्रदेश सरकार द्वारा इसे केंद्र सरकार को भेजा जा चुका है।

रमेश अवस्थी ने बताया कि केंद्रीय मंत्री गडकरी ने आश्वस्त करते हुए कहा कि गोल चौराहा से रामादेवी चौराहा तक एलिवेटेड ट्रैक का निर्माण कार्य इसी वर्ष शुरू कर दिया जाएगा और इसका शिलान्यास भी इसी वर्ष होगा। उन्होंने कहा कि कानपुर की यातायात समस्या समाधान हेतु केंद्र सरकार इस परियोजना को प्राथमिकता में रखेगी।

वहीं, दूसरी ओर सांसद रमेश अवस्थी ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा अवगत कराया गया है कि मरियमपुर चौराहा से सचान चौराहा तक एलिवेटेड ट्रैक के लिए डीपीआर तैयार करने का कार्य प्रदेश सरकार के निर्देश पर राज्य सेतु निगम द्वारा किया जा रहा है।

मरियमपुर से फजलगंज होते हुए सचान चौराहा और बर्रा तक एलिवेटेड ट्रैक बनने से कानपुर नगर के उत्तर और दक्षिण क्षेत्र आपस में जुड़ जाएंगे, जिससे लाखों की आबादी को रोजाना लगने वाले ट्रैफिक जाम से स्थायी निजात मिलेगी और शहर के विकास की गति तेज होगी। सांसद ने कहा कि यह एलिवेटेड ट्रैक परियोजना न केवल यातायात जाम से मुक्ति दिलाएगी बल्कि औद्योगिक और आर्थिक गतिविधियों को भी गति प्रदान करेगी, जिससे कानपुर का चौमुखी विकास सुनिश्चित होगा।

# नशेबाजी में मां से झगड़कर युवक ने रेल पटरी पर सिर रखकर दी जान

कानपुर। कैंट थानाक्षेत्र में रविवार की सुबह संजयनगर में नशेबाजी में मां से झगड़कर सनी (35) ने रेल पटरी पर सिर रखकर जान दे दी। बहनोई कुलदीप ने बताया कि सनी सिविल लाइंस स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में सफाई कर्मी था। शराब पीकर मां सुनीता से झगड़ा करता था। शनिवार को भी सनी ने शराब पीकर झगड़ा किया। रविवार सुबह 8:30 बजे वह घर के पास से गुजरी रेलवे लाइन में ट्रैक पर सिर रखकर लेट गया। कुछ देर में गुजरी ट्रेन से सिर धड़ से अलग हो गया। सनी की मौत के बाद बहन सोनम और सोनल बिलखने लगीं। छावनी थाना प्रभारी अरविंद राय के अनुसार नशेबाजी में युवक ने सुसाइड किया है। किसी पर कोई आरोप नहीं है।

# डिवाइडर से भिड़ी बाइक, पिता की मौत, बेटा व साथी घायल

कानपुर पनकी के भौंती बाईपास पर शनिवार शाम बाइक डिवाइडर से जा भिड़ी। हादसे के युवक की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। गोविंदनगर के दबौली निवासी लेखू उर्फ रवि (32) रनियां स्थित फैक्टरी में नौकरी करते हैं। वह वहीं पर किराये का कमरा लेकर पत्नी माधुरी, बेटे पीयूष, बेटी माही के साथ रह रहे थे। भाई संतोष ने बताया कि वह पांच भाइयों में दूसरे नंबर पर थे।

रक्षाबंधन पर बाइक से पीयूष और एक फैक्टरी के सहकर्मी के साथ दबौली के लिए निकले थे। शनिवार शाम पनकी के भौंती बाईपास पर बाइक सीधे डिवाइडर से जा भिड़ी। पुलिस ने तीनों को हैलट अस्पताल भिजवाया। वहां डॉक्टर ने रवि को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि अभी 10 दिन पहले ही लेखू की पत्नी ने बेटे को जन्म दिया था।






















# रक्षाबंधन का पर्व केवल खून के रिश्तों तक सीमित नहीं, बल्कि आपसी स्नेह व सम्मान का भी प्रतीक है

बीपीएस न्यूज

प्रयागराज, उत्तर प्रदेश। प्रयागराज में रक्षाबंधन का त्योहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जसरा के प्रमुख समाजसेवी और भाजपा उपाध्यक्ष गोपाल चन्द्र केसरवानी के परिवार ने इस पर्व को पूरे उत्साह के साथ मनाया। उनकी बहन सावित्री देवी ने गोपाल को टीका लगाकर और राखी बांधकर उनकी मंगल कामना की, जबकि गोपाल ने अपनी बहन सावित्री देवी की रक्षा का वचन दिया।

गोपाल चन्द्र केसरवानी ने कहा कि रक्षाबंधन भारत के प्रमुख सांस्कृतिक त्योहारों में से एक है, जो भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की लंबी आयु के लिए प्रार्थना करती हैं और भाई उनकी रक्षा का संकल्प लेते हैं। उन्होंने बताया कि यह पर्व केवल खून के रिश्तों तक सीमित नहीं, बल्कि आपसी स्नेह और सम्मान का भी प्रतीक है। इस अवसर पर उपहारों का आदान-प्रदान और उत्सव की धूम ने त्योहार को और भी विशेष बना दिया।


गोपाल चन्द्र केसरवानी मण्डल उपाध्यक्ष भाजपा

# अपनी जनता पार्टी का शहर में पदाधिकारियों को पद वितरण कर पार्टी का किया गया विस्तार



कानपुर रविवार को अपनी जनता पार्टी कानपुर महानगर इकाई की बैठक रखी गई जिसमें कानपुर महानगर इकाई के पधाधिकारियो की घोषणा की गई व अपनी जनता पार्टी के विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का उद्देश्य एवं कानपुर महानगर में अपनी जनता पार्टी के संगठन को मजबूत व विस्तार करने का संकल्प लिया गया है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कानपुर महानगर के अध्यक्ष प्रशांत मौर्य द्वारा किया गया,जिसमें मुख्य रूप से अपनी जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विद्या नाथ कमल जी एवं महादेव कुशवाहा जिला अध्यक्ष कानपुर ग्रामीण इकाई रामराज मौर्य जी, जिला अध्यक्ष उन्नाव इकाई ,संदीप कुशवाहा व जिला महासचिव सुनील कुमार जी, समाज सेवक उदय कुशवाहा जी उपस्थित रहे तो वहीं पार्टी के विस्तार के लिए में मुख्य रूप से जिन लोगों की घोषणा की गई उनमें पार्टी के मीडिया प्रभारी पद संजय मौर्य , जिला उपाध्यक्ष पद मे सुधीर यादव, सौरभ कुशवाहा जी ,मोनू शर्मा, आकाश पासवान,उत्तम कुशवाहा ,एवं जिला सचिव में रमेश सैनी,तिलक निषाद ,ओ पी कुशवाहा, सलमान खान, डिंपल,आदि लोगों की घोषणा की गई। तो वहीं इस कार्यक्रम के दौरान कानपुर महानगर जिलाध्यक्ष प्रशांत मौर्या ने कहा कि आप सभी से अपनी जनता पार्टी को विश्वास है कि आम जनमानस में सभी अपनी जनता पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाएंगे एवं संगठन को मजबूत करने का कार्य कर देश और प्रदेश हित में भ्रष्टाचार को दूर करने का सफ़ल प्रयास करेंगे।

# यूपीसीडा लखनपुर कार्यालय में लापरवाही का आलम, उद्यमियों के सपनों पर लटकी तलवार

## यूपीसीडा में आर.एम. के पच्चीस दिन ज्वाइनिंग के बावजूद आर. एम. को नहीं मिला अकाउंट पावर

बीपीएस न्यूज/राजेन्द्र केसरवानी

कानपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का फाइव ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का सपना भले ही बड़े-बड़े इवेंट्स और चकाचौंध भरी सुर्खियों के साथ जोर-शोर से गूंज रहा हो, लेकिन कानपुर के लखनपुर यूपीसीडा कार्यालय में कुछ अधिकारी मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट को चूर-चूर करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। उद्यमियों के अरमानों पर मानो ब्रेक लग गया हो, क्योंकि औद्योगिक प्लाट का नक्शा पास कराने की प्रक्रिया में अड़ंगेबाजी और लापरवाही का बोलबाला है।

लखनपुर यूपीसीडा कार्यालय में हालात यह हैं कि नवनियुक्त रीजनल मैनेजर (आरएम) आशीष कुमार ने 25 दिन पहले अपनी जॉइनिंग तो कर ली, लेकिन उन्हें अभी तक अकाउंट पावर नहीं मिला। नतीजा? उद्यमी अपने औद्योगिक प्लांट के नक्शे पास कराने के लिए तीन महीने से चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी फाइलें धूल फांक रही हैं। सूत्रों की मानें तो यूपीसीडा का ऑनलाइन ओबीपास पोर्टल भी इस कहानी का खलनायक बन चुका है। बताया जाता है कि इस पोर्टल को कथित तौर पर पाकिस्तान ने हैक कर लिया और नक्शा पास कराने के लिए जमा किया गया शुल्क भी उद्यमियों को डेढ़ महीने बाद भी वापस नहीं मिला।

उद्यमी प्रदीप वर्मा ने बताया, ॐहमने तय समय पर शुल्क जमा किया, लेकिन नक्शा पास नहीं हुआ। हर बार यही जवाब मिलता है आजकल-आजकल' अब तो प्लांट शुरू करने का सपना ही टूटता नजर आ रहा है। ऐसे में उद्यमियों की हालत उस यात्री जैसी हो गई है, जो स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार तो करता है, लेकिन ट्रेन कब आएगी, कोई नहीं जानता।यूपीसीडा की इस लचर व्यवस्था ने न केवल उद्यमियों का भरोसा तोड़ा है, बल्कि विकास की रफ्तार को भी थाम लिया है। सवाल यह है कि जब मुख्यमंत्री योगी उद्यमियों को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का भरोसा दे रहे हैं, तो यूपीसीडा के अधिकारी इस दौड़ में कितना पीछे रहेंगे? अगर यही हाल रहा, तो 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था का सपना शायद कागजों तक ही सिमट कर रह जाएगा।

क्या है समाधान? उद्यमियों की मांग है कि यूपीसीडा तत्काल इस अव्यवस्था को सुधारे, आर.एम. को अकाउंट पावर प्रदान करे और ओबीपास पोर्टल की खामियों को दूर करे। साथ ही, शुल्क वापसी की प्रक्रिया को त्वरित किया जाए, ताकि उद्यमियों का भरोसा बहाल हो और विकास की गाड़ी पटरी पर लौट सके। क्या मुख्यमंत्री के सपनों को पंख लगेंगे, या यूपीसीडा की लापरवाही इसे कागजी हवाई जहाज बनाकर रख देगी? यह तो वक्त ही बताएगा।

# हजारों मरहूमीन व मरहूमात के नाम लेकर ईसाले सवाब और दुआए मगफिरत की गयी

बेटियों की इज्जत की हिफाजत के लिए हुकूमत ए हिंद सख्त से सख्त कानून बनाए (मौलाना मोहम्मद हाशिम अशरफी)

बीपीएस न्यूज

कानपुर। हजारों मर्हूमीन व मरहूमात के नाम लेकर बड़े पैमाने पर कुरान ख्वानी,दरूद ख्वानी,कलमा शरीफ की महफ़िल का एहतिमाम मदरसा अल जामिअतुल इस्लामिया अशरफुल मदारिस गद्दियाना में किया गया जिस में मरहूमीन व मरहूमात को 178 कुरान शरीफ ,लाखों लाख दरूद शरीफ़ व कलमा शरीफ पढ़ कर ईसाले सवाब करके दुआए मगफिरत की गयी आल इंडिया गरीब नवाज़ काउन्सिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मो. हाशिम अशरफ़ी संस्थापक मदरसा अशरफुल मदारिस गद्दियाना जिस वक्त दुआए मगफिरत कर रहे थे पूरा मजमा आब्दीदा हो कर बुलन्द आवाज़ से आमीन कह रहा था उन्होंने दुआ करते हुआ कहा कि या अल्लाह मर्हूमीन व मरहूमात को जन्नत में आला मकाम आता फरमा,या अल्लाह व मरहूमात की क़ब्रों को जन्नत के बागों में से एक बाग़ बना,या अल्लाह मोमनीन व मोमिनात की मगफिरत फरमा,क़ुर्बे ख़ास में जगह अता फरमा इस से पूर्व मौलाना अशरफी ने बयान करते हुआ कहा कि मौत दुनिया की सब से बड़ी सच्चाई है हर जानदार को एक दिन मरना है हदीसे पाक का मफहूम है मौत के बाद इंसान अमल नहीं कर सकता है मगर तीन चीज़ें बाक़ी रहती हैं (1) सदक़ा ए जारिया (2) फायदे मंद इल्म, इल्म जिससे लोग फायदा उठायें (3) नेक औलाद जो माँ बाप के लिए दुआ करे हमें चाहिए कि हम अपनी ज़िन्दगी में ऐसे काम कर जाये कि मरने के बाद भी उसका फायदा मिलता रहे उन्होंने कहा जब किसी की मौत का वक्त करीब हो तो उसे कलमे की तलकीन करें मौलाना अशरफी ने हाज़रीन से

अपील करते हुए कहा कि अपने अपने मर्हूमीन व मरहूमात के लिए खूब खूब ईसाले सवाब करते रहें इस लिए कि मरनेवाले घर वालों के तोहफे का इन्तिज़ार करते हैं और उन के लिए सब से बेहतर तोहफा ईसाले सवाब है मौलाना अशरफी ने कहा कि अफसोस है कि भारत की बेटियां महफूज नहीं है घर से लेकर गाड़ियों तक गुड़िया से लेकर बुढ़िया तक ट्रेन से लेकर फ्लाइट तक डॉक्टर से लेकर मरीज तक कोई भी सुरक्षित नहीं है इसकी रोकथाम के लिए हम हुकूमत ए हिंद से पुर ज़ोर मुतालबा करते हैं की बेटियों की इज्जत की हिफाजत के लिए हुकूमत ए हिंद सख्त से सख्त कानून बनाए और ऐसे मुजरिमों के लिए मौत की सजा मुकर्रर करें अगर रेपिस्ट के लिए मौत का कानून बना दिया जाए तो लोग इस बदतरीन काम के करीब भी नहीं भटकेंगे और हमारी मां बहनों बेटियों की इज्जत महफूज रहेगी मौलाना सय्यद कासिम बरकाती,मौलाना मुईनुद्दीन अशरफी फतेह पूरी ने भी विचार व्यक्त किए 7 इस से पूर्व कुरान पाक की तिलावत से महफ़िल का आगाज़ हाफिज मिन्हाजुद्दीन कादरी ने किया 7 हाजी सय्यद खुर्शीद आलम सदर ए इस्तीकबालिया कौंसिल, क़ारी कलीम नूरी कानपुरी ,जमील खैराबादी,यूसुफ रज़ा कानपुरी,मोहम्मद हसन शिबली अशरफ़ी ने नातें पढ़ीं संचालन हाफ़िज़ मोहम्मद अरशद अशरफी ने किया 7 सलातो सलाम के बाद हजारों मरहूमीन व मरहूमात के नाम लेकर उनकी मगफिरत और भारत समेत पूरी दुनिया में अमन व शान्ति के लिए दुआएं की गयीं इस अवसर पर प्रमुख रूप से मोहम्मद रफीक मुंशी ,मौलाना महताब आलम मिस्बाही,डॉ मोहम्मद इस्लाम , क़ारी नौशाद अजहरी, हाफ़िज़ बहरुद्दीन अशरफी,हाजी आरिफ अहमद, शेर खान,हाजी मो. असलम,हाजी सलीम अहमद,हाजी अरबी हसन,मास्टर असलम,मास्टर इकबाल अहमद,मास्टर नौशाद मंसूरी,एम एम खान,हाजी हैदर अशरफी,अब्दुल करीम,लाल मोहम्मद, इदरीस खान, फ़ैज़ी,अशफाक अहमद,शमशाद गाज़ी, फखरुद्दीन बाबू,हाजी मास्टर सईद आदि उपस्थित थे



# जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में व्याप्त अनियमितताओं का किया विरोध

## शिक्षकों की समस्याओं को लेकर 13 सूत्रीय जनपदीय समस्याओ का सौपा ज्ञापन

कानपुर।प्रदेशीय नेतृत्व के आवाहन पर शिक्षामंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के नाम सम्बोधित 8 सूत्रीय ज्ञापन एवं जिला विद्यालय निरीक्षक, कानपुर नगर के नाम सम्बोधित 13 सूत्रीय जनपदीय समस्याओ का ज्ञापन पूर्व निर्धारित कार्यकम के अर्न्तगत जनपद के सैकड़ों शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पहुँच कर सामूहिक रूप से जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया।

कर्मचारियों के समूह को सम्बोधित करते हुये प्रदेश संरक्षक रमाकान्त द्विवेदी ने कहा कि शिक्षणेत्तर कर्मचारी विद्यालय की नींव (ईट) है, इनकी जायज मांग प्रदेश सरकार को माननी ही होगी। जिला रविकान्त द्विवेदी ने शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की समस्याओं एवं जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में व्याप्त अनियमितताओं का विरोध किया। गोविन्द मिश्रा (जिलामंत्री), केशव पाठक (कोषाध्यक्ष), राधाकृष्ण पाठक, सुभाष चन्द्र द्विवेदी, शारदा सिंह, लवकुश सिंह भदौरिया, श्रीराम, मंजीत सिंह, संतोष कुमार गुप्ता, राधा वल्लभ तिवारी, कुलदीप सिंह, सुधाकर, विरेन्द्र कुमार, शिरीष बाजपेई महेन्द्र सिंह यादव (प्रभारी बिल्हौर तहसील), छेदालाल, सुरेश द्विवेदी, धीरज श्रीवास्तव, सुधा मिश्रा, रूचि ओमर, शिव देवी महिला सुमन दुबे, वंशिका बाजपेई गिरिजाशंकर पाठक, गिरीश चन्द्र वर्मा, राजेश कुमार तिवारी, प्रदीप शुक्ला, चिन्तन अध्यारू, हर्षेन्द्र यादव, राज कुमार, प्रतीश कुमार, राहुल कश्यप, सुरेश जायसवाल मिक्की चावला अन्य शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ सदस्य। इसी क्रम में मण्डल अध्यक्ष बृजेश तिवारी ने धरने में आये समस्त शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का हृदय से आभार व्यक्त किया और एक साथ हुंकार भरकर समस्त शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने नारे लगाये।

# जनता की समस्याओं को लेकर जल्द ही महानगर संगठन नगर निगम में देगा धरना

बीपीएस न्यूज

कानपुर। समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के पदाधिकारियों कार्य समिति के सदस्यों विधानसभा अध्यक्षों फ्रंटल अध्यक्षों राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियो एवं पीडीए युवा टीम की मासिक बैठक महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय साथ नवीन मार्केट में अपराह्न 3ः00 बजे आरंभ हुई !बैठक का संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर कानपुर महानगर के प्राथमिक विद्यालयों को मर्ज करने की एक साजिश के तहत पिछड़ों दलितों एवं अल्पसंख्यकों के बच्चों को शिक्षा से वंचित किए जाने की साजिश की जा रही है इसके विरोध में सपा नगर की पांचो विधानसभा क्षेत्रो के जिन इलाकों में प्राथमिक विद्यालय मर्ज हो गए हैं उस विद्यालय के पास पीडीए पाठशाला लगाकर शोषित पीड़ित दलितों पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के बच्चों को शिक्षा देकर शिक्षित किया जाएगा।इसकी तैयारी के लिए सभी पदाधिकारियों विधानसभा अध्यक्षों को दिशा निर्देश जारी कर दिया गया है एवं पूरे कानपुर महानगर में पीडीए पंचायत लगाकर दलितों पिछड़ों शिक्षकों अल्पसंख्यकों व्यापारियों एवं प्रबुद्ध लोगों को समाजवादी पार्टी से जोड़ने का कार्य भी किया जाएगा।बैठक में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, महासचिव संजय सिंह, बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, मिन्टू, प्रदेश सचिव ओम प्रकाश मिश्रा, नंदलाल जयसवाल, आनंद शुक्ला ,महेंद्र सिंह, परमवीर सिंह, गंभीर, फखरे आलम अंसारी, कीर्ती अग्निहोत्री, रजत मिश्रा, सौरभ सिंह, अनूप यादव, दीपक खोटे, शादाब आलम, अरमान खान, सोनू वर्मा, आकाश यादव, मुमताज मंसूरी, मोहम्मद सारिया, शेषनाथ यादव, हेमंत गुप्ता, नवीन दीक्षित, अमित चौरसिया, राजेंद्र सोनकर, महताब आलम, जफरुल हसन, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# रुद्राभिषेक का हुआ भव्य आयोजन, उमड़े श्रद्धालु

कानपुर। श्रावण मास के पावन पर्व पर बर्रा स्थित निहारिका हॉस्पिटल में भगवान शिव का रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक निहारिका हॉस्पिटल एमडी डॉ धर्मेन्द्र अवस्थी ने बताया कि विगत वर्षों से देवों के देव महादेव का विशाल रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसमें क्षेत्रीय आम जनमानस बड़ी संख्या में एकत्रित हो महादेव की पूजा सामूहिक रूप से करते है।पुरोहितों के द्वारा वैदिक मंत्रोचारण कर महादेव के भजनों को गाया गया। रुद्राभिषेक के समापन पर संरक्षक एवं समाजसेवी राजेन्द्र अवस्थी के द्वारा प्रसाद क्षेत्रीय लोगों को वितरित किया गया। रुद्राभिषेक के दौरान महादेव के स्वरूप को देख सभी मंत्रमुग्ध हो उठे। हर हर महादेव के नारों से प्रांगण गुंजायमान हो गया। इस मौके पर निहारिका हॉस्पिटल परिवार सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# युवक के बैंक खाते में आ गये 100 खरब से ज्यादा रुपये, लड़का गिन नहीं पा रहा था रकम के शून्य

ग्रेटर नोएडा के दनकौर के निवासी दिलीप उस समय हैरान रह गए जब उनके खाते में 14 अंकों की रकम जमा हो गई। हालांकि, उनकी यह खुशी ज्यादा देर तक नहीं चली। एक अगस्त को, 20 वर्षीय दिलीप को एक संदेश मिला कि उनके बैंक खाते में 11.13 लाख करोड़ रुपये जमा हुए हैं। बेरोजगार दिलीप दौड़े-दौड़े अपने बैंक गए, जहां उन्हें बताया गया कि यह अप्रत्याशित धनराशि नावी यूपीआई ऐप में हुई गड़बड़ी के कारण जमा हुई और उनके खाते में अब भी एक भी पैसा नहीं है। दिलीप ने दो महीने पहले ही एक निजी बैंक में खाता खुलवाया था। उनके माता-पिता नहीं हैं।व्यक्ति द्वारा अपनी दिवंगत माँ के बैंक खाते में एक बड़ी रकम-एक ट्रिलियन रुपये जमा होने की खबर सामने आने के एक दिन बाद, कोटक महिंद्रा बैंक ने एक आधिकारिक बयान जारी कर स्थिति स्पष्ट की है। अपने बयान में, बैंक ने ग्राहकों से कोटक मोबाइल ऐप या इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से अपने खाते के विवरण सत्यापित करने का आग्रह किया। बैंक ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि उसके सिस्टम सामान्य रूप से काम कर रहे हैं, और इस दावे का खंडन किया कि इतनी बड़ी राशि किसी तकनीकी गड़बड़ी के कारण जमा हुई थी।

बयान में कहा गया है, ग्राहक के खाते में असामान्य रूप से बड़ी राशि जमा होने की मीडिया रिपोर्ट्स गलत हैं। इन रिपोर्टों के मद्देनजर, हम ग्राहकों को कोटक के मोबाइल बैंकिंग ऐप या नेट बैंकिंग प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करके अपने खाते के विवरण की जाँच करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। कोटक महिंद्रा बैंक पुष्टि करता है कि हमारे सिस्टम सामान्य रूप से काम कर रहे हैं, सभी सेवाएँ सुरक्षित और पूरी तरह से चालू हैं।

ग्रेटर नोएडा के ऊँची दनकोर गाँव के निवासी दीपक ने दो महीने पहले अपनी माँ गायत्री देवी को खो दिया था। 3 अगस्त को, जब वह उनके कोटक महिंद्रा बैंक खाते की जाँच कर रहे थे,

यह बैंक बैलेंस, जिसमें इतने शून्य हैं कि पहली नज़र में इसकी गिनती करना लगभग असंभव है, देश के सबसे अमीर हस्तियों की कुल संपत्ति को भी बौना बना देता है। नज़रिए से देखें तो, यह कुल राशि बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान की कथित संपत्ति से 15,000 गुना ज़्यादा लगती है, जिनकी अनुमानित कुल संपत्ति 7,438 करोड़ रुपये है।

हैरान दीपक ने तुरंत अपने दोस्तों को बैंक अलर्ट भेज दिया और लिखा, ॐशून्य गिन लो!ॐ उनकी अजीबोगरीब किस्मत जल्द ही व्हाट्सएप ग्रुप और सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई। अगली सुबह जब दीपक स्थानीय कोटक महिंद्रा बैंक शाखा पहुँचा, तो अधिकारी भी उतने ही हैरान थे। एक त्वरित आंतरिक जाँच के बाद, बैंक ने अनियमितताओं का हवाला देते हुए खाता फ्रीज कर दिया और मामले को आगे की जाँच के लिए आयकर विभाग को भेज दिया। हालांकि धन का सटीक स्रोत अभी भी स्पष्ट नहीं है, बैंक अधिकारियों को संदेह है कि यह कोई बड़ी तकनीकी त्रुटि या कोई अज्ञात लेनदेन हो सकता है।

जैसे ही यह खबर जंगल में आग की तरह फैली, दीपक का फोन बजना बंद नहीं हुआ। मीडिया चैनल, रिश्तेदार, पड़ोसी और उत्सुक स्थानीय लोग, सभी इस वित्तीय गड़बड़ी की जानकारी या कोई विवरण पाने की उम्मीद में संपर्क में आए। कॉल और ध्यान की बाढ़ को झेलने में असमर्थ, दीपक ने कथित तौर पर अपना फोन बंद कर दिया।

इस बीच, इंटरनेट ने वही किया जो वह सबसे अच्छा करता है, इस पल को मीम्स में बदल दिया।

# स्वामी प्रसाद मौर्य का एक शख्स ने ऐसे किया स्वागत,पहले पहनाई माला, फिर जड़ दिया थप्पड़

अपना समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य पर रायबरेली में उस समय हमला हुआ जब एक व्यक्ति ने उन्हें माला पहनाने के बाद पीछे से थप्पड़ मार दिया। यह घटना एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान हुई, जहाँ आरोपी व्यक्ति स्वामी प्रसाद के पास पहुँचा और फिर अचानक उन्हें थप्पड़ मार दिया। घटना के बाद, मौर्य के समर्थकों ने उस व्यक्ति को पकड़ लिया और उसकी पिटाई करने के बाद उसे रायबरेली पुलिस के हवाले कर दिया।उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री और अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य रायबरेली के सिविल लाइंस पहुँचे थे। दौरे के दौरान, समर्थकों ने उनका मालाओं से स्वागत किया, तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने उन पर हमला करने की कोशिश की और पीछे से उनके सिर पर थप्पड़ मारा। मौर्य के सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और उपद्रवियों की पिटाई कर दी। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए, स्वामी प्रसाद मौर्य ने राज्य सरकार पर निशाना साधा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रशासन पर अराजकता को बढ़ावा देने और ठाकुरो व गुंडों को खुली छूट देने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि करणी सेना के सदस्यों का इस हमले के पीछे हाथ है और दावा किया कि यह घटना पुलिस की मौजूदगी में हुई, जिससे कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई।हंगामे के बीच, मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाया। हालाँकि, उन्होंने अभी तक हमलावरों की पहचान की पुष्टि नहीं की है। स्वामी प्रसाद मौर्य पर हमले की कोशिश तब से एक व्यापक रूप से चर्चित घटना बन गई है।






# बिठूर में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह का हुआ भव्य समापन



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। स्वतंत्रता संग्राम के स्वर्णिम पन्नों में दर्ज 'अमर काकोरी ट्रेन एक्शन' की शताब्दी वर्षगांठ का समापन शुक्रवार को बिठूर स्थित नानाराव पार्क में हर्षोल्लास और गौरव के साथ हुआ। यह ऐतिहासिक अवसर देशभक्ति की भावना और वीर सपूतों की स्मृति को समर्पित रहा।समारोह में विधायक नीलिमा कटियार, विधायक भिजीत सांगा,विधायक सरोज कुरील, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, डीसीपी दिनेश त्रिपाठी,मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन समेत जनपद स्तरीय अधिकारी,गणमान्य नागरिक, छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत नानाराव के स्मारक पर माल्यार्पण कर शहीदों को नमन से हुई।

इसके बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान परिषदीय विद्यालयों की बालिकाओं ने विधायक अभिजीत सांगा को राखी बांधकर भाईचारे और स्नेह का संदेश दिया।

अतिथियों ने विभिन्न विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टॉल का अवलोकन किया। काकोरी की ऐतिहासिक घटना पर आधारित निबंध, पेंटिंग व चित्रकला प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को मंच पर सम्मानित किया गया।पीएसी बैंड द्वारा 'ए मेरे वतन के लोगो की धुन बजने पर वातावरण रोमांच और गर्व से गूंज उठा। समापन समारोह के दौरान विधायक अभिजीत सांगा, विधायक नीलिमा कटियार और जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने पौधारोपण किया।

सुलेख, वाद-विवाद और भाषण प्रतियोगिता में माध्यमिक विद्यालय की छात्रा अलशिका यासीन को 10 हजार रुपये का प्रथम, शाजिया खातून को 7,500 रुपये का द्वितीय, प्रखर त्रिपाठी को 5,000 रुपये का तृतीय और आसरा जावेद को 1,000 रुपये का सांत्वना पुरस्कार दिया गया। परिषदीय विद्यालय वर्ग में तूलिका यादव को

10,000 रुपये, शिखा को 7,500 रुपये, यति को 5,000 रुपये और महक को 1,000 रुपये का सांत्वना पुरस्कार मिला।इस अवसर पर एडीएम खाद्य एवं आपूर्ति आशुतोष दुबे,जिला विकास अधिकारी आलोक कुमार सिंह,डीआईओएस संतोष राय, बीएसए सुरजीत कुमार सिंह, डीपीआरओ मनोज कुमार, पर्यटन अधिकारी अर्चिता ओझा समेत विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने आयोजित किया दिव्यांगजन 2016 अधिनियम जागरुकता गोष्ठी

## दिव्यांगों का उत्पीड़न करने पर हो सकता है पांच लाख जुर्माना, पांच वर्ष की सजा



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। भारत सरकार ने दिव्यांगजनों को सुरक्षा, आत्मनिर्भरता प्रदान करने व समाज कि मुख्य धारा से जोड़ने के लिए दिव्यांगजन अधिनियम 2016 कानून बनाया है। दिव्यांगजनों को इसके बारे में जानकारी न होने के कारण वह इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।

दिव्यांगजनों को इस अधिनियम की जानकारी देने के लिए राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने आज गोष्ठी का आयोजन किया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि दिव्यांगजन अधिनियम 2016 में दिव्यांगजनों का उत्पीड़न करने पर पांच वर्ष कि सजा व पांच लाख रुपए तक के दण्ड का प्रावधान है। पुलिस अधिकारी द्वारा रिपोर्ट न दर्ज करने पर अधिनियम की धारा 7(2) में कार्यवाही का प्रावधान है। इस अधिनियम में प्राथमिक से 12वीं कक्षा तक निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान है।देश में न्यायालय दिव्यांगजन आयुक्त भारत का कार्यालय नई दिल्ली व न्यायालय राज्य आयुक्त दिव्यांगजन का कार्यालय लखनऊ में बना है। जनपदों के जिलाधिकारी अपर आयुक्त दिव्यांगजन व जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सहायक आयुक्त दिव्याजन के रूप में नामित हैं। दिव्यांगजन अपनी किसी भी प्रकार कि समस्या, शिकायत इनके कार्यालयों में कर सकते हैं। यहां पर दिव्यांगजन कि समस्याओं का समाधान होगा। न्यायालय विपक्षी को तलब कर मामले कि सुनवाई करेगा और गुण दोष के आधार पर फैसला देगा।वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि सरकारी क्षेत्रों के अधिकारी व कर्मचारी इस कानून से अनभिज्ञ हैं जिसके कारण वो इस कानून का अनुपालन नहीं करते हैं।सरकारी व निजी क्षेत्र में इस कानून के प्रचार-प्रसार कि आवश्यकता है।आज कि गोष्ठी में वीरेन्द्र कुमार के अलावा आनन्द तिवारी, राहुल कुमार, अल्पना कुमारी, अरविन्द सिंह, गुड्डी दीक्षित, वैभव दीक्षित, गौरव कुमार, रंजीत सिंह, गोमती वर्मा आदि मौजूद थे।

# पार्षद जी के रग रग में समाज सेवा का भाव भरा था, 48 वी पुण्यतिथि मनाई

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।पद्मश्री श्याम लाल गुप्त पार्षद स्मृति संस्थान व उत्तर प्रदेश खादी ग्राम उद्योग महासंघ के संयुक्त तत्वाधान में पार्षद वाटिका फुलबाग कानपुर में 48 वी पुण्यतिथि पार्षद की प्रतिमा को गंगाजल से स्थान कर कर पुष्पांजलि खादी की माला पहनकर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की मुख्य अतिथि राम धीरज भाई अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सर्वोदय संघ ने पार्षद को भारत रत्न देने का आग्रह सरकार से किया पार्षद को सच्ची श्रद्धांजलि तब होगी जो उनके अधूरे कर हैं उन्हें पूर्ण करने की बात कही पार्षद जी के रग रग में समाज सेवा का भाव भरा था वह तुम वह दिन दुखियो और जरूरतमंदों की निस्वार्थ भाव से सेव कर करते थे वह स्त्री शिक्षा दहेज के विरोध में आजीवन अपनी आवाज बुलंद करते रहे अनाथ आशा है बालक बालिकाओं की शिक्षाओं के लिए सदैव प्रेरणा स्त्रोत रहे साहित्य सेवा का भाव रहा पद्मश्री श्री गुप्ता जी भारतीय आंदोलन के अप्रतिम सैनिक कुशल वक्ता विद्वान



समाजसेवी तथा तत्कालीन परिस्थितियों में ओजस्वी उद्बोधन देकर लास्ट जागरण के कार्य में माहिती भूमिका निभाकर अमर हो गए उनका जन्मदिन का कार्यक्रम है उन्हें झंडा मेला के रूप में मनाना चाहिए श्री बुद्ध नारायण मिश्र पूर्व विधायक ने कहा कि उनका जन्म पत्रक गुण व्यवसाय में नहीं लगा वह देश की स्वतंत्रता से आहत होकर स्वतंत्रता आंदोलन में सहकरी भागीदारी करने लगे वह गांव-गांव जाकर आंदोलन को धार देते रहे ।

उन्हें जीवन में आठवां जेल यात्रा करनी पड़ी भारत माता को स्वतंत्र करने के लिए प्राण प्राण से विल उठा लिया था उनका देश के शीर्षास्त्र राजनेताओं मनुष्यों और समाजसेवियों का सानिध्य प्राप्त रहा कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक मालवीय अध्यक्ष गांधी शांति प्रदेश स्थान ने किया तथा संचालन सुरेश गुप्ता अध्यक्ष उत्तर प्रदेश खादी ग्राम उद्योग महासंघ ने किया कार्यक्रम नौशाद अलम मंसूरी मोहम्मद उस्मान आलोक श्रीवास्तव के के स्वास्थ्य शरद प्रकाश अग्रवाल अमर गुप्ता भारतेंदु पूरी मुकेश श्रीवास्तव अनिल सोनकर नसीम राजा राजकुमार यादव आदर्श गुप्ता पार्षद अमित गुप्ता पार्षद गुरु नारायणपुर पार्षद मदन लाल भाटिया पल पार्सल राम सिंह राजपूत रोबेल गुप्ता डॉक्टर एमके राजपूत आज प्रमुख थे।

# कानपुर में खाद्य सुरक्षा विभाग टीम की सख्त कार्यवाही, 57 नमूने जांच हेतु भेजे गए, 5.67 लाख के खाद्य पदार्थ किये सीज

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है। पाँच टीमों ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 57 खाद्य नमूने संग्रहित किए। इनमें प्रमुख रूप से बूंदी लड्डू,

बेसन, पेड़ा, खोया, छेना मिठाई, मिश्रित दूध, पनीर एवं बर्फी शामिल हैं।

लोकमान मोहाल, कैनाल रोड, शास्त्री नगर, काकादेव, एलआईजी-70, अम्बेडकर नगर, लक्ष्मण पार्क, गांधी नगर, बारादेवी चौराहा, ब्रह्मनगर,

एच ब्लॉक, किदवईनगर, बेकनगंज, सजेती मेन रोड से नमूना संग्रह कर जाँच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है, रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

पनकी रोड, कल्याणपुर क्षेत्र में छापेमारी के दौरान 10 किग्रा खोया, 10 किग्रा बर्फी तथा 400 अदद सफेद रसगुल्ला को संदेह के आधार पर तत्काल नष्ट कराया गया।निरीक्षण के दौरान नौबस्ता क्षेत्र स्थित एक मिठाई निर्माण इकाई में अत्यंत अस्वच्छ परिस्थिति में मिठाई बनाते हुए पाया गया, जहाँ से उक्त सभी खाद्य पदार्थ सीज किए गए।

सीज किए गए खाद्य पदार्थ जिसमे मलाई बर्फी 800 किग्रा 2,40,000/- प्योर मिल्क केक 950 किग्रा 2,85,000/- लिक्विड ग्लूकोज 400 किग्रा 18,000/- नैना ब्रांड मिठाई 80 किग्रा 24,000/- कुल खाद्य सामग्री 2230 किग्रा जिसका अनुमानित मूल्य 5,67,000/- है।




बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।